■ आषाढ़ शुक्ल - 8 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 346 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » रविवार » 14-07-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 सुशासन की पहली शर्त है कानून का राज : योगी
6 सिपाही सतपाल सिंह: गोलियों की बौछार के बीच रास्ता बनाकर 4 पाकिस्तानी घुसपैठियों का किया खात्मा
7 जो चीजें मायने रखती हैं, वो रहती है और गहरे रिश्ते वाली खो जाती हैं : अमिताभ

## फर्स्ट टेक

### यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूसी तेल डिपो में आग लगी

**कीव/एपी।** यूक्रेनी सेना की ओर से शनिवार तड़के किये गये ड्रोन हमले में रूस के रोस्तोव इलाके में स्थित एक तेल डिपो में आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। यह सीमावर्ती क्षेत्र पर कीव की सेना द्वारा किया गया नवीनतम लंबी दूरी का हमला है। यूक्रेन ने हाल के महीनों में क्रेमलिन के युद्ध तंत्र को कुंद करने के प्रयास में विभिन्न रिफाइनरी और तेल टर्मिनल को निशाना बनाते हुए रूसी धरती पर हवाई हमले बढ़ा दिए हैं। रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन में अग्रिम पंक्ति पर कड़ी मेहनत कर रही है, जहां युद्ध के तीसरे वर्ष में सैनिकों और गोला-बारूद की कमी के कारण यूक्रेनी सैनिक कमजोर हुए हैं। रोस्तोव के क्षेत्रीय गवर्नर वसीली गोलुबेव ने कहा कि ड्रोन हमले से 200 वर्गमीटर (2,100 वर्ग फुट) में आग लग गई, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

### आज खोला जा सकता है भगवान जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार पुरी में भगवान जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को 46 साल बाद रविवार को खोलेगी ताकि आभूषणों और अन्य मूल्यवान सामानों की सूची बनाई जा सके। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रत्न भंडार आखिरी बार 1978 में खोला गया था। अधिकारियों ने कहा कि 12वीं सदी के इस मंदिर के रखरखाव का काम देखने वाला भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) इस अवसर का उपयोग मरम्मत कार्य के लिए करेगा। पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन ने कहा, ''हम रविवार को रत्न भंडार को फिर से खोलने के लिए पूरी तैयारी कर चुके हैं। हम श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम के अनुसार सरकार द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का सख्ती से पालन करेंगे।''

### अर्जेंटीना ने हमास को आतंकी समूह घोषित किया

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)/एपी।** अर्जेंटीना ने शुक्रवार को हमास को आतंकी समूह घोषित किया और इस फलस्तीनी समूह की वित्तीय संपत्तियां जब्त करने का आदेश दिया। राष्ट्रपति जेवियर माइली अर्जेंटीना को अमेरिका और इजराइल के साथ मजबूती से जोड़ना चाहते हैं। उस दिशा में इसे बहुत हद तक एक सांकेतिक कदम माना जा रहा है। माइली के कार्यालय ने पिछले सात अक्टूबर को इजराइल में फलस्तीनी समूह द्वारा किये गये हमले का हवाला देते हुए यह घोषणा की। यह हमला इजराइल के 76 साल के इतिहास में सबसे घातक हमलों में से एक था। बयान में, हमास से ईरान के घनिष्ठ संबंधों का भी उल्लेख किया गया है।

| सूर्यास्त 14-07-2024 | सूर्योदय 15-07-2024 |
|---|---|
| 6:50 बजे | 6:01 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 80,519.34 | 24,502.15 |
| (+622.00) | (+186.20) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,599 रु. | 94,850 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# लोग जानते हैं कि राजग सरकार ही स्थिरता, स्थायित्व दे सकती है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ **जनता लगातार तेज विकास और 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहती है।**

**मुंबई/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को कहा कि छोटे-बड़े हर निवेशक ने उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल का उत्साह से स्वागत किया है, क्योंकि लोग जानते हैं कि राष्ट्रीय जनतांत्रित गठबंधन (राजग) सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है।

एक दिवसीय दौरे पर यहां आए मोदी ने कहा कि देश-विदेश के निवेशकों में पिछले एक महीने में उत्साह स्पष्ट तौर पर दिखा है और उनकी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना रफ्तार से काम करेगी। उन्होंने कहा कि देश की जनता लगातार तेज विकास और 2047 देश को विकसित राष्ट्र के रूप में देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि राजग के विकास एजेंडा में वंचितों को वरियता देना है।

प्रधानमंत्री मुंबई और उसके आसपास के क्षेत्रों में सम्पर्क सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 30 हजार करोड़ रुपये की सड़क मार्ग और रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना का भी उद्घाटन किया। छिहतर हजार करोड़ रुपये की इस परियोजना के तहत हर साल 10 लाख शिक्षित युवाओं को भत्त के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे खुशी है कि महाराष्ट्र सरकार ने हर साल 10 लाख नौजवानों को कार्य कौशल का प्रशिक्षण देने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा, राजग सरकार का एजेंडा वंचित को वरियता देना है।

### भारत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा : प्रधानमंत्री

**मुंबई/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। वह मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में आईएनएस के सचिवालय आईएनएस टावर का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, '' दुनिया देश के लोगों की क्षमताओं को देख रही है। आज भारत डिजिटल लेन-देन में नए कीर्तिमान बना रहा है। भारत के यूपीआई और आधुनिक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की वजह से लोगों की जिंदगी आसान हुई है और उनके लिए एक देश से दूसरे देश में पैसे भेजना आसान हुआ है।''

# तमिलनाडु मद्यनिषेध अधिनियम 2024 आया प्रभाव में

■ **अवैध शराब के सेवन पर किसी की जान चले की स्थिति में ऐसी शराब का धंधा करने वालों के लिए कठोर उम्रकैद का प्रावधान**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/भाषा।** मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को कहा कि लोगों की जान खतरे में डालने वाली अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और बिक्री जैसे अपराधों के लिए कैद की अवधि और जुर्माने में वृद्धि वाला तमिलनाडु मद्यनिषेध अधिनियम, 2024 प्रभाव में आ गया है। उन्होंने कहा कि कल्लाकुरिचि अवैध शराब त्रासदी के आलोक में तमिलनाडु मद्यनिषेध अधिनियम 1937 में संशोधन को 29 जून को विधानसभा में सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया और राज्यपाल आर एन रवि ने 11 जुलाई को उसे मंजूरी दे दी।

यहां जारी एक सरकारी बयान में कहा गया है कि संशोधित अधिनियम को गजट में अधिसूचित किया गया है। जून में मेथानॉल मिश्रित अवैध शराब के सेवन से 60 से अधिक लोगों की मौत हो जाने के बाद मुख्यमंत्री ने तमिलनाडु मद्यनिषेध अधिनियम, 1937 में बदलाव एवं अपराधियों के लिए कठोर सजा सुनिश्चित करने की पैरवी की थी ताकि राज्य में ऐसी अवैध शराब त्रासदियां न हों।

अवैध शराब के सेवन पर किसी की जान चले की स्थिति में ऐसी शराब का धंधा करने वालों के लिए कठोर उम्रकैद का प्रावधान किया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रभाव में आये तमिलनाडु मद्यनिषेध अधिनियम 2024 का लक्ष्य राज्य से अवैध शराब की बुराई का उन्मूलन करना है। संशोधन में अधिनियम की धाराओं 4, 5, 6, 7 और 11 के तहत विभिन्न अपराधों के लिए कारावास की अवधि और जुर्माने की राशि में काफी वृद्धि की गई है।

## आशीर्वाद



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नवविवाहित जोड़े अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट को उनकी शादी के बाद आशीर्वाद दिया। मोदी यहां अंबानी परिवार के स्वामित्व वाले 'जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर' में आयोजित समारोह में शामिल होने पहुंचे, जिसका नाम 'शुभ आशीर्वाद' रखा गया है। नवविवाहित जोड़े ने मोदी के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। मोदी का स्वागत मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी ने किया तथा उन्हें समारोह स्थल तक ले गये।

### लगभग 15 करोड़ डॉलर का घाटा उठाकर पेटीएम से बाहर हुई सॉफ्टबैंक

**नई दिल्ली/भाषा।** जापान के सॉफ्टबैंक की निवेश शाखा सॉफ्टबैंक विजन फंड अप्रैल-जून तिमाही में करीब 15 करोड़ डॉलर का घाटा उठाकर पेटीएम से बाहर हो गई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सॉफ्टबैंक ने 2017 में पेटीएम ब्रांड की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में किस्तों में लगभग 1.5 अरब डॉलर का निवेश किया था। एक सूत्र ने कहा, सॉफ्टबैंक ने 10-12 प्रतिशत के नुकसान के साथ पेटीएम से अपना कारोबार समेट लिया है। कुल नुकसान करीब 15 करोड़ डॉलर है। साल 2021 में कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले सॉफ्टबैंक के पास पेटीएम में लगभग 18.5 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसमें एसवीएफ इंडिया होल्डिंग्स (केमैन) लिमिटेड के माध्यम से 17.3 प्रतिशत और एसवीएफ पैंथर (केमैन) लिमिटेड के माध्यम से 1.2 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। एसवीएफ पैंथर ने आईपीओ के दौरान अपनी पूरी हिस्सेदारी 1,689 करोड़ रुपये यानी करीब 22.5 करोड़ डॉलर में बेच दी।



### सात राज्यों की 13 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में

# 'इंडि' गठबंधन की 10, भाजपा की दो और एक सीट पर निर्दलीय की जीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** देश के सात राज्यों की 13 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के शनिवार को आये नतीजों में 'इंडि' गठबंधन के घटक दलों ने 10 सीट और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दो सीट पर जीत दर्ज की जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई।

विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को पश्चिम बंगाल की चार, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर मतदान हुआ था।

'इंडि' गठबंधन में शामिल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक ने उपचुनाव में अपने उम्मीदवार उतारे थे।

आयोग के अनुसार, तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अन्नियूर शिवा ने विक्रवांडी विधानसभा सीट पर पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के अंबुमणि सी को 67,757 वोटों से पराजित किया।

### महाराष्ट्र में 'पैरोडी' अकाउंट से

# फर्जी संदेश पोस्ट किए जाने के बाद यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ मामला दर्ज



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र की साइबर पुलिस ने लोकप्रिय यूट्यूबर ध्रुव राठी के एक 'पैरोडी' (मिलते-जुलते नाम वाले) अकाउंट से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी के बारे में कथित तौर पर फर्जी संदेश पोस्ट किए जाने के लिए उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

राज्य के साइबर विभाग के अनुसार, ध्रुव राठी नाम वाले अकाउंट से दावा किया गया था कि बिरला की बेटी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा दिए बिना ही उसे पास कर लिया है। 'एक्स' अकाउंट के परिचय में लिखा है, यह एक प्रशंसक और पैरोडी अकाउंट है और इसका ध्रुव राठी के मूल अकाउंट से कोई संबंध नहीं है। किसी की नकल नहीं की जा रही है। यह अकाउंट पैरोडी है।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### चातुर्मास महात्म्य

उस गांव शहर के भाग्य जहां,
गुणि संत बिताते चार मास।
संपूर्ण क्षेत्र के जन-जन में,
सत संगत करती नव उजास।
भर जाती स्फूर्ति और ऊर्जा,
सारे विकार करते निकास।
वाणी वचनों को सुन-सुन कर,
बन जाता है हर दिवस खास।।

|| जय आत्मानंद देवेंद्र शिव महेंद्र || || जय मरुधर केसरी गणेश अम्बेश || || जय महावीर || || श्रमण संघ जयवंत हो || || जय शीतल वेणी भूरा मोहन || || मंगल करणी जय यश गुरुणी ||

धर्मनगरी विजयनगर बेंगलुरु की पावन पुण्य धरा पर

शुभ मंगलमय चातुर्मास प्रवेश

श्रमण संघीय चतुर्थ पट्टधर, ध्यान योगी, आचार्य सम्राट डॉ. श्री शिवमुनिजी म.सा.

राजस्थान प्रवर्तिनी, श्रमण संघीय, साध्वी शिरोमणि प.पू. गुरुमाता श्री यशकंवरजी म.सा.

भावभरा आमंत्रण - दि.15.07.2024, सोमवार

''मनभावन अति पावन वर्षावास की घड़िया है, मन वीण पर झंकृत होगी जिनवाणी की झड़ियां है ।

शीतल वेणी यश कृपा से नया सवेरा आया है, 'विजयनगर' ने सौभाग्य से चतुर्मास ये पाया है ।।

सेवाभावी श्री रत्न ज्योतिजी म.सा. | प्रखर वक्ता श्री विजय प्रभाजी म.सा. | प्रज्ञा ज्योति, संबोधि कुशल दक्षिण चंद्रिका प.पू. गुरुवर्या श्री सुधाकंवरजी म.सा. | मृदुभाषी श्री साधनाजी म.सा. | प्रवचन वारीधी श्री सुयशाश्रीजी म.सा.

मान्यवर,
सादर जय जिनेन्द्र। आपको सूचित करते हुए परम प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन संघ ट्रस्ट, विजयनगर, बेंगलुरु की पुण्य धरा पर इस वर्ष प्रथम बार राजस्थान प्रवर्तिनी, श्रमण संघीय साध्वी शिरोमणि, अहिंसा गौरवमणि परम पूज्या गुरुमाता श्री यश कंवरजी म.सा. की सुशिष्या प्रज्ञा ज्योति, संबोधि कुशल, दक्षिण चंद्रिका परम पूज्या गुरुवर्या श्री सुधाकंवर जी म.सा., प्रखर वक्ता श्री विजय प्रभा जी म.सा., मृदुभाषी श्री साधना जी म.सा., सेवाभावी श्री रत्नज्योति जी म.सा., प्रवचन वारिधि श्री सुयशा श्री जी म.सा. आदि ठाणा 5 का चातुर्मास श्री संघ को प्राप्त हुआ। इस मंगल प्रवेश के शुभ अवसर पर एवं चातुर्मास के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में आप श्री संघ सपरिवार पधारकर अनुग्रहित करें एवं श्री संघ को आतिथ्य सेवा का शुभ अवसर प्रदान करें।

दि. 15.07.2024, सोमवार को श्रीमान् आनन्दकुमारजी, अजयकुमारजी, अरुणकुमारजी, अंकितकुमारजी, अर्पितकुमारजी नाहर परिवार के यहां से प्रातः 7.00 बजे से 8.30 बजे अल्पाहार के पश्चात् ठीक 8.35 बजे भव्य जुलुस में परिवर्तित होकर 9.15 बजे विजयनगर स्थानक भवन में शुभ मंगल प्रवेश होगा।
* जुलुस प्रारंभ स्थल: Door No. 7 & 8, 1st Cross, Widia Layout, Opp. Gowda Petrol Pump, Attiguppe, Vijayanagar, Bengaluru - 560 040. मो.: 9342457444, 9342457333

Scan For Location

* नोट: मंगल प्रवेश एवं प्रवचन के पश्चात् गौतम प्रसादी प्रातः 11 बजे से श्री संघ कि तरफ से रखी गई है। आतिथ्य सत्कार का लाभ प्रदान करावें।

*निवेदक: श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन संघ ट्रस्ट (रजि.), विजयनगर-बेंगलोर 8th Main Road, Metro Pillar No.299, MC Layout, Opp. Water Tank Main Gate, Vijayanagar, Bengaluru-40


* अध्यक्ष: आनन्दकुमार नाहर 9342457444 | * उपाध्यक्ष: राजेन्द्रकुमार बोहरा 9448490288 | * उपाध्यक्ष: गौतमचंद दक 9964479015 | * मंत्री: कन्हैयालाल सुराणा 9341221774 | * कोषाध्यक्ष: सुरेशचंद खाब्या 9845040715 | * सहमंत्री: रविन्द्रकुमार जैन 9845028850 | * सहमंत्री: सुनीलकुमार लोढ़ा 9844111420

* कार्यकारिणी सदस्य: तेजमल भण्डारी - 9964552078 | ज्ञानचन्द कटारिया - 9986102112 | प्रवीणकुमार आँचलिया - 9945190900 | महावीरकुमार सुराणा - 9845081868 | पारसमल मेहता - 9341234689

* सहयोगी शाखाऐं: युवा अध्यक्ष: शंकरलाल दक - 7019407133 | युवा मंत्री: महावीर गुगलिया - 9880360968 | महिला मंडल अध्यक्षा: किरणबाई भण्डारी - 9036113020 | महिला मंडल मंत्री: पवनबाई रांका - 9741964107 | बहु मंडल अध्यक्षा: मीनादेवी देसरला - 8951755507 | * बहु मंडल मंत्री: चन्दादेवी पामेचा - 9535861688 | * कन्या मंडल अध्यक्षा: रुचिता गाँधी - 7349464113 | * कन्या मंडल मंत्री: निधि रांका - 9164432004

समस्त ट्रस्टीगण, संघ सदस्य एवं चातुर्मास सहयोगी दानदाता गण

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** आप ध्यान के लिए हरेक को उसी की स्वेच्छा (फ्रीविल )से चुने केवल एक गुरु के अतिरिक्त किसी अन्य पर ध्यान केंद्रित करने को नहीं कहते। यह तो न्याय संगत और बोधगम्य है। लेकिन प्रतिदिन एक ही समय पर ध्यान करने से क्या कोई विशेष लाभ होता है? मेरी समझ से ध्यान तो जब जिस क्षण तल्लीनता घट जाए तभी होगा न इसका कोई नियत समय कैसे तय कर सकते हैं?

**उत्तर:** प्रतिदिन नियत समय पर ध्यान करना पिण्ड के ब्रह्मांड के साथ लयबद्ध होने के बोध को ध्यानावस्था में स्मृत करने जैसा है।इसलिए अमृत बेला या ब्रह्ममुहूर्त में ध्यान में बैठने के लिए कहा जाता है । ताकि, दिन का शेष सारा 23 घंटे का समय उसी स्मृति, लयबद्धता और तल्लीनता के साथ व्यतीत हो। अभ्यास करने पर अगणित गुण प्रकट होते हैं। संदेह नष्ट होता जाता है बोध बढ़ता जाता है। यह तात्त्विक सत्य है कि गहरे अर्थ में तल्लीनता स्वयं मुहूर्त है। उसी तल्लीनता की संभावना के प्रायिक होकर नित्य निरंतर प्रकटीकरण हेतु ही तो नित्य नैमित्तिक मुहूर्त तय करते हैं।

# स्काइडाइविंग: केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने उड़ते विमान से लगाई छलांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नरनौल (हरियाणा)/भाषा।** केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को हरियाणा के नारनौल में 'स्काइडाइविंग' में हिस्सा लिया और आकाश में उड़ते विमान से छलांग लगाई। उन्होंने कहा कि वह हवाई खेल (एयरो-स्पोर्ट्स) पर्यटन क्षेत्र में भारत का 'उज्वल भविष्य' देख रहे हैं।

विश्व स्काइडाइविंग दिवस के अवसर पर मंत्री ने एक विमान को भी हरी झंडी दिखाई। इस विमान का इस्तेमाल स्काइडाइविंग के लिए किया जाएगा। बताया जा रहा है कि यह देश में इस तरह का पहला विमान है। आकाश में रोमांच का अनुभव करने के लिए शेखावत सुबह-सुबह नारनौल हवाई पट्टी पर पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ उनकी दोनों बेटियां भी मौजूद थीं।



'टेंडेम स्काइडाइविंग' के तुरंत बाद केंद्रीय मंत्री ने मीडियाकर्मियों के साथ अपना अनुभव साझा किया। 'टेंडेम स्काइडाइविंग' में एक पेशेवर स्काइडाइवर पूरी कवायद के दौरान इसमें भाग लेने वाले व्यक्ति के साथ रहता है। शेखावत ने कहा, ''यह दिन निश्चित रूप से मेरे लिए एक साहसिक दिन है। पूरी दुनिया के लिए यह हवाई खेल के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण दिन है, जब लोग पहली बार विश्व स्काइडाइविंग दिवस मना रहे हैं। यहां भारत के नारनौल (हवाई पट्टी) में स्काइडाइविंग सुविधा शुरू हो गई है। मैंने आज यहां विमान से छलांग लगाई।'' उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मैं खुद को रोमांचित महसूस कर रहा हूं और आज से पर्यटन क्षेत्र और हवाई खेल के क्षेत्र में भारत के उज्वल भविष्य की उम्मीद कर सकता हूं।''

पर्यटन मंत्री ने कहा कि दुनिया भर में साहसिक खेलों के प्रति रुचि बढ़ी है और बड़ी संख्या में भारतीय इन हवाई खेलों और स्काइडाइविंग का आनंद लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (दुबई), सिंगापुर, थाईलैंड, न्यूजीलैंड जैसे विभिन्न देशों में जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में इस सुविधा के शुरू होने के बाद लोगों को एक साहसिक गतिविधि में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा और यह देश में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा।




# कश्मीरी पंडितों के समूह ने जम्मू में राजभवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जम्मू/भाषा।** कश्मीरी प्रवासी पंडितों के एक समूह ने घाटी में 1931 में आज ही के दिन समुदाय के कथित उत्पीड़न के खिलाफ शनिवार को जम्मू में राजभवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रवासी पंडितों के संगठनों में से एक ऑल स्टेट कश्मीरी पंडित कॉन्फ्रेंस (एएसकेपीसी) ने कहा कि वे इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाते हैं।

पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य में 13 जुलाई को सार्वजनिक अवकाश हुआ करता था और इस दिन हर साल एक आधिकारिक समारोह आयोजित किया जाता था, जिसमें 22 कश्मीरी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती थी। वर्ष 1931 में वे सभी एक डोगरा शासक की सेना द्वारा मारे गए थे। केंद्र द्वारा 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों (जम्मू और कश्मीर व लद्दाख) में विभाजित करने के बाद प्रशासन ने 2020 में राजपत्रित छुट्टियों की सूची से इस दिन को हटा दिया।

तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए दर्जनों प्रदर्शनकारी राजभवन के बाहर एकत्र हुए और समुदाय पर कथित अत्याचारों के खिलाफ धरना दिया। एएसकेपीसी के प्रवक्ता ने कहा, 1931 में इसी दिन अलगाववाद और आतंकवाद के बीज बोए गए थे जब हमारे समुदाय को सांप्रदायिक ताकतों ने निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि समुदाय न्याय और अपनी उचित वापसी तथा पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नवाचारी दृष्टिकोण से उदय योजना का शुभारंभ हुआ: आर बालासुब्रमण्यम



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नवाचारी दृष्टिकोण ने बिजली क्षेत्र में संकट को टाला और परिवर्तनकारी उदय योजना की शुरुआत की है। आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक में यह बात कही गई है।

उज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) को 2015 में विद्युत वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के व्यापक वित्तीय और परिचालन पुनरुद्धार के उद्देश्य से शुरू किया गया था। 'पावर विदिन: द लीडरशिप लेगेसी ऑफ नरेन्द्र मोदी' नामक पुस्तक में अन्य बातों के अलावा मोदी की विभिन्न दृष्टिकोणों के प्रति सजगता, नवाचार, लीक से हटकर समाधानों पर जोर, तथा नीति निर्माण में विचारों का योगदान करने के लिए कनिष्ठ अधिकारियों के लिए अनुकूल वातावरण के निर्माण की बात कही गई है। बालासुब्रमण्यम क्षमता निर्माण आयोग के सदस्य हैं, जिसे 2021 में अन्य बातों के अलावा विभागों, मंत्रालयों और एजेंसियों की वार्षिक क्षमता निर्माण योजनाओं की तैयारी की सुविधा के लिए गठित किया गया था। पुस्तक में वित्त सचिव टी वी सोमनाथन के हवाले से कहा गया है कि डिस्कॉम की खराब वित्तीय स्थिति से निपटने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा एक बैठक बुलाई गई थी। बैठक में तत्कालीन बिजली मंत्री पीयूष गोयल और वित्त मंत्री अरुण जेटली जैसे प्रमुख मंत्री और अधिकारी शामिल थे, जिसमें बिजली क्षेत्र के सामने लगातार आ रही चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

सोमनाथन ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में तत्कालीन संयुक्त सचिव के रूप में अपने कनिष्ठ सहयोगी ब्रजेन्द्र नवनीत और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लिया था।

# संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वाले 'संविधान हत्या दिवस' मनाएंगे : प्रियंका



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसमें आश्चर्य की क्या बात है कि संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार करने वाले लोग संविधान हत्या दिवस मनाएंगे।

केंद्र ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संविधान हत्या दिवस 25 जून को मनाया जाना ''हमें याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था।''

प्रियंका ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, संविधान लागू होने का विरोध किया, संविधान की समीक्षा करने के लिए आयोग बनाया, संविधान खत्म करने का आह्वान किया, अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाला 'संविधान हत्या दिवस' मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा?

# अगर दुख साझा करने के लिये पैरोल दी जा सकती है, तो खुशी के मौके पर क्यों नहीं : उच्च न्यायालय

**मुंबई/भाषा।** बंबई उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति को पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे उसके बेटे को विदा करने के लिए पैरोल प्रदान की और कहा कि यदि दुख बांटने के लिये पैरोल दी जा सकती है तो, खुशी के अवसर पर यह मिलनी चाहिए। अदालत ने कहा कि दोषियों को थोड़े समय के लिए सशर्त रिहाई दी जाती है, ताकि वे बाहरी दुनिया से संपर्क में रह सकें और अपने पारिवारिक मामलों की व्यवस्था कर सकें, क्योंकि जेल में रहते हुए भी अपराधी किसी का बेटा, पति, पिता या भाई होता है।

न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने नौ जुलाई के अपने आदेश में कहा कि पैरोल और फरलो के प्रावधानों को समय समय पर दोषियों के प्रति मानवतावादी दृष्टिकोण के रूप में देखा गया है। अदालत विवेक श्रीवास्तव नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने आस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय में अपने बेटे की शिक्षा के लिए ट्यूशन फीस और अन्य खर्चों का प्रबंध करने तथा उसे विदा करने के लिए पैरोल मांगी थी। अभियोजन पक्ष ने इस दलील का विरोध करते हुए दावा किया कि पैरोल आम तौर पर आपातकालीन स्थितियों में दी जाती है और शिक्षा के लिए पैसे का इंतजाम करना व बेटे को विदा करना ऐसे आधार नहीं हैं जिन पर पैरोल दी जानी चाहिए। उच्च न्यायालय ने कहा कि वह अभियोजन पक्ष के इस तर्क को समझने में विफल रहा। अदालत ने कहा, दुख एक भावना है, खुशी भी एक भावना है और अगर दुख साझा करने के लिए पैरोल दी जा सकती है, तो खुशी के मौके या पल को साझा करने के लिए क्यों नहीं। अदालत ने श्रीवास्तव को दस दिन की पैरोल मंजूर कर ली। श्रीवास्तव को 2012 के एक हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था और वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

### हिमाचल उपचुनाव: भाजपा ने कहा-

# हमे जनादेश स्वीकार, जनकल्याण की लड़ाई लड़ते रहेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिमला/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिमाचल प्रदेश की तीन विधानसभा सीट के उपचुनाव के नतीजों को लेकर शनिवार को कहा कि वह जनादेश को स्वीकार करती है और जन कल्याण के लिए लड़ाई जारी रखेगी। भारतीय जनता पार्टी ने तीन विधानसभा सीट में से केवल एक सीट पर जीत दर्ज की है।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने यहां जारी एक बयान में कहा कि पार्टी उन कमियों पर गौर करेगी, जिनके कारण उपचुनाव में उसे हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, ''हम जनादेश को स्वीकार करते हैं। प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए हमारी लड़ाई सड़क से लेकर विधानसभा तक जारी रहेगी।''

पूर्व निर्दलीय विधायकों होशियार सिंह और के एल ठाकुर के लिए इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होना महंगा साबित हुआ, जो क्रमश: देहरा और नालागढ़ विधानसभा सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवारों से हार गए।

हमीरपुर विधानसभा सीट पर भाजपा के आशीष शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं कांग्रेस उम्मीदवार पुष्पेंद्र वर्मा को 1571 मातों के अंतर से हराया।

# सरकार की स्टार्टअप, ग्रामीण उद्यमों के लिए 750 करोड़ रुपये का कोष शुरू करने की तैयारी

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार कृषि उद्यमियों को समर्थन देने के लिए 'स्टार्टअप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष' (एग्रीश्योर) शुरू करने की तैयारी कर रही है। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को कहा गया कि इस कोष के जरिए विशिष्ट क्षेत्रों में निवेश किया जाएगा और कृषि तथा संबद्ध क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्टअप को ऋण वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के साथ ही प्रत्यक्ष इक्विटी समर्थन भी दिया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य 750 करोड़ रुपये की श्रेणी-2 वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) की स्थापना के जरिए भारत के कृषि क्षेत्र में नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देना है। बयान में कहा गया कि यह कोष इक्विटी और ऋण दोनों तरह का समर्थन देगा और खासतौर से कृषि मूल्य श्रृंखला में उच्च जोखिम, उच्च प्रभाव वाली गतिविधियों को लक्षित करेगा। यह घोषणा शुक्रवार को मुंबई में नाबार्ड मुख्यालय में की गई। इस संबंध में आयोजित कार्यक्रम में वित्तीय संस्थानों, निवेशकों, एआईएफ प्रबंधकों और कृषि स्टार्टअप सहित प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया।

# भाजपा और केंद्र सरकार केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही है: संजय सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा और उसकी केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही है, जिनका वजन जेल में रहने के दौरान 8.5 किलोग्राम कम हो गया है और रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्राम/डीएल से नीचे पांच बार जा चुका है।

सिंह के दावों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''उनकी स्वास्थ्य स्थिति ऐसी है कि अगर उन्हें जल्द जेल से बाहर नहीं लाया गया और इलाज नहीं किया गया तो उनके साथ कोई भी गंभीर घटना घट सकती है।'' उन्होंने कहा कि जब 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था, तब उनका वजन 70 किलोग्राम था, जो कम होकर 61.5 किलोग्राम रह गया है।

सिंह ने दावा किया कि उनका वजन लगातार घटने का कारण अज्ञात है, क्योंकि कोई जांच नहीं हुई है। सिंह ने कहा कि वजन घटना किसी गंभीर बीमारी का संकेत है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का परिवार, 'आप' और उनके शुभचिंतक जेल में उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंतित हैं।

सिंह ने आरोप लगाया, भाजपा और केंद्र की उसकी सरकार का मकसद उन्हें जेल में रखना और उनके जीवन से खेलना है। वे साजिश रच रहे हैं ताकि उन्हें कुछ गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़े।

उच्चतम न्यायालय ने ईडी द्वारा दर्ज मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि, आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कारण वह अभी भी जेल में हैं।

# भाजपा में शामिल दो निर्दलीय विधायक उपचुनाव में हारे, हमीरपुर में कांग्रेस की हार

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के दो निर्दलीय विधायकों को इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होना महंगा पड़ा, क्योंकि वे शनिवार को विधानसभा उपचुनाव में अपनी-अपनी सीट पर कांग्रेस उम्मीदवारों से हार गए। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी और कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर ने देहरा सीट पर भाजपा के होशियार सिंह को 9399 मतों से हराया। नालागढ़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा उम्मीदवार के. एल. ठाकुर को 8990 वोटों से हराया। बावा पांच बार भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं। हालांकि, हमीरपुर विधानसभा सीट पर भाजपा के आशीष शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और कांग्रेस उम्मीदवार पुष्पेंद्र वर्मा को 1571 मातों के अंतर से हराया। उपचुनाव के नतीजों के बाद राज्य के चुनावी इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री सुक्खू और उनकी पत्नी कमलेश ठाकुर के रूप में कोई दंपति हिमाचल प्रदेश विधानसभा के सदस्य होंगे। पहली बार राज्य विधानसभा में एक भी निर्दलीय विधायक नहीं होगा। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में देहरा से होशियार सिंह, हमीरपुर से आशीष शर्मा और नालागढ़ से केएल ठाकुर तीन निर्दलीय विधायक चुने गए।

# पुंछ से आतंकवाद के सफाये के लिए तालमेल में कार्य कर रहे हैं सुरक्षा बल: एसएसपी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मेंढर/जम्मू/भाषा।** सुरक्षा बल जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले से आतंकवाद का सफाया करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं जहां पिछले ढाई साल में कई आतंकवादी हमले हुए हैं। यह जानकारी पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को दी। पुंछ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक युगल मन्हास ने कहा कि आतंकवादियों को जम्मू कश्मीर में भेजने की पाकिस्तान की साजिश को नाकाम करने के लिए सेना और सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं।


पुंछ जिले के मेंढर कस्बे में आयोजित 'जनता दरबार' से इतर 'पीटीआई-भाषा' से बात करते हुए एसएसपी ने जिले में नशीले पदार्थों की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने में नागरिक समाज का सहयोग भी मांगा। उन्होंने कहा, हमारा सुरक्षा तंत्र तैयार है और खुफिया एजेंसियों समेत सभी सुरक्षा बलों के बीच तालमेल है। हम सब मिलकर इस क्षेत्र से एक बार फिर आतंकवाद का खात्मा करने में सफल होंगे। पुंछ और पास के राजौरी जिले में अक्टूबर 2021 से दर्जनों आतंकी हमले हुए हैं, जिनमें करीब 50 लोग मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर सेना के जवान हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। एसएसपी मन्हास ने कहा, पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ की हरसंभव कोशिश कर रहा है... लेकिन सीमा पर तैनात हमारे जवान सतर्क हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल सीमावर्ती जिले में आतंकवाद को हराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार से मादक पदार्थों की तस्करी से उत्पन्न चुनौती पर उन्होंने कहा कि पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।

# उत्तराखंड में देश के पहले 'रोडोडेंड्रोन' उद्यान की स्थापना

**पिथौरागढ़/भाषा।** देश का पहला बुरांश (रोडोडेंड्रॉन) उद्यान यहां मुनस्यारी गांव में विकसित किया गया है, जहां 35 किस्म के फूल हैं और पांच किस्म केवल उत्तराखंड में ही पाई जाती हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उत्तराखंड वन विभाग की अनुसंधान शाखा ने इस उद्यान की स्थापना वैज्ञानिक अनुसंधान के लिहाज से आकर्षक पौधों की प्रजातियों को संरक्षित करने तथा पारिस्थितिकी एवं आर्थिक महत्व के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की है। वन विभाग के मुख्य संरक्षक और अनुसंधान इकाई के प्रमुख संजीव चतुर्वेदी ने कहा, रोडोडेंड्रोन आर्बोरियम एक व्यापक रूप से पसंद की जाने वाली किस्म है। यह उत्तराखंड का राजकीय वृक्ष, नेपाल का राष्ट्रीय वृक्ष और नगालैंड का राजकीय पुष्प है। हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए रोडोडेंड्रोन का काफी महत्व है।

# जलवायु परिवर्तन के कारण आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ रही हैं : वैज्ञानिक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती गर्मी के चलते दुनिया भर में गरज के साथ छींटें पड़ने की गतिविधियां बढ़ रही हैं और इसके परिणामस्वरूप आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं भी बढ़ी हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने शनिवार को यह बात कही।

उत्तर प्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने से बृहस्पतिवार को कम से कम 43 लोगों की मौत हो गई वहीं शुक्रवार को बिहार में 21 लोगों की मौत हो गई। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन नायर राजीवन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण संवहनीय या गरज वाले बादलों का बनना बढ़ रहा है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''यह दर्ज किया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण भारत सहित हर जगह मेघगर्जन की आवृत्ति बढ़ रही है।''नायर ने कहा, ''दुर्भाग्य से, हमारे पास बिजली चमकने की घटनाओं में वृद्धि की पुष्टि करने के लिए दीर्घकालिक आंकड़े उपलब्ध नहीं है। हालांकि, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि ग्लोबल वार्मिंग से संवहनीय गतिविधि बढ़ जाती है, जिसके परिणामस्वरूप अधिक गरज के साथ बारिश होती है और परिणामस्वरूप अधिक आकाशीय बिजली गिरती है।'' उन्होंने बताया कि बिजली बड़े ऊर्ध्वाधर विस्तार वाले गहरे बादलों के कारण चमकती है। नायर ने कहा, ''जलवायु परिवर्तन के कारण हवा की नमी धारण करने की क्षमता बढ़ रही है, जिससे ऐसे बादल अधिक बन रहे हैं।'' भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वरिष्ठ वैज्ञानिक डी.एस. पई ने कहा कि सतह का तापमान जितना अधिक होगा, हवा उतनी ही हल्की होगी और वह उतनी ही ऊपर उठेगी।

# 'सीआईसी के पास पीठ गठित करने और नियम बनाने की शक्तियां हैं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के प्रभावी कामकाज के लिए उसकी स्वायत्तता को सर्वाधिक महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा है कि आयोग के पास पीठ गठित करने और नियम बनाने की शक्तियां हैं।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पिछले बुधवार को कहा कि प्रशासनिक निकायों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता उनके निर्धारित कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के वास्ते उनकी क्षमता के लिए महत्वपूर्ण है। पीठ ने कहा, ''आयोग की पीठों के गठन से संबंधित नियम बनाने की मुख्य सूचना आयुक्त की शक्तियों को बरकरार रखा जाता है, क्योंकि ऐसी शक्तियां आरटीआई अधिनियम की धारा 12(4) के दायरे में हैं।'' उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सीआईसी जैसी संस्थाएं विशिष्ट कार्य करने के लिए स्थापित की जाती हैं, जिसके लिए एक स्तर की निष्पक्षता और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है और ऐसा तभी हो सकता है जब इनमें अनुचित हस्तक्षेप नहीं हो। ये नियम आयोग के कुशल प्रशासन और संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपकरण हैं। उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी उस फैसले के दौरान की जिसमें उसने दिल्ली उच्च न्यायालय के 2010 के निर्णय को खारिज कर दिया। उच्च न्यायालय ने आदेश में मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा तैयार किए गए केंद्रीय सूचना आयोग (प्रबंधन) विनियम, 2007 को रद्द कर दिया था तथा कहा था कि सीआईसी को आयोग की पीठ गठित करने का कोई अधिकार नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि प्रशासनिक प्रणाली की प्रभावशीलता को बनाए रखने के लिए इन निकायों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसने कहा कि इन निकायों के कामकाज में हस्तक्षेप करना नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि इससे उनकी कुशलतापूर्वक और निष्पक्ष रूप से काम करने की क्षमता प्रभावित होती है।

विमोचन



मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शनिवार को बेंगलूरु के देवराज उर्स भवन में बीरप्पा की जीवनी सारिके का विमोचन किया। इस अवसर पर मंत्री एचसी महादेवप्पा और अन्य लोग नजर आए।

## जनजाति कल्याण बोर्ड घोटाला

# ईडी हिरासत में भेजे गए पूर्व मंत्री बी नागेंद्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र को 18 जुलाई तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड (केएमवीएसटीडीसी) में करोड़ों रुपये के घोटाले के सिलसिले में उन्हें शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था।

शनिवार को स्पेशल कोर्ट के जज संतोष गजानन भट के सामने बी. नागेंद्र को पेश किया गया। इस दौरान नागेंद्र ने कहा कि उन्हें कुछ स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं। इसके बाद जज ने ईडी अधिकारियों को आदेश दिया कि पूछताछ के दौरान उन्हें 30 मिनट का आराम दिया



जाए और हर दिन उनकी मेडिकल जांच कराई जाए। ईडी के अधिकारियों ने 40 घंटे की छापेमारी के बाद शुक्रवार को नागेंद्र को गिरफ्तार किया था। राज्य भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मामला नागेंद्र की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रहेगा, इसमें बड़े लोग भी शामिल हैं और उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बी नागेंद्र की गिरफ्तारी को लेकर कहा था कि उन्हें हिरासत में लेना जरूरी नहीं था क्योंकि एसआईटी पहले से ही मामले की जांच कर रही है। सीबीआई भी मामले की जांच कर रही है। कर्नाटक सरकार की ओर से गठित एसआईटी ने घोटाले के सिलसिले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी, बोर्ड के अधिकारी, बिचौलिए, नागेंद्र और केएमवीएसटीडीसी के अध्यक्ष एवं कांग्रेस विधायक बसनगौड़ा दद्दाल के सहयोगी शामिल हैं।

कथित अनियमितताएं तब सामने आईं जब बोर्ड के एक वरिष्ठ कर्मचारी चंद्रशेखरन ने आत्महत्या का कदम उठाया। उन्होंने अपने नोट में एक मंत्री की भूमिका और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए निर्धारित भारी धनराशि के अवैध हस्तांतरण का जिक्र किया है।

## तमिलनाडु उपचुनाव

# द्रमुक ने विक्रवांडी विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने शनिवार को विक्रवांडी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में 67,757 मतों के अंतर से जीत दर्ज की जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का घटक दल पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) 56,296 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। शनिवार को मतगणना के दौरान द्रमुक के अन्नियुर शिवा बढ़त बनाए हुए थे और उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी पीएमके उम्मीदवार सी. अंबुमणि के बीच अंतर हर चरण में बढ़ता गया।

विक्रवांडी विधानसभा सीट को बरकरार रखते हुए, सत्तारूढ़ द्रमुक ने 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से राज्य में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा है। मतगणना पूरी होने पर निर्वाचन आयोग ने घोषणा की कि अन्नियुर शिवा को 1,24,053 मत मिले हैं और नाम तमिलर काची के उम्मीदवार के अभिनया को 10,602 मत मिले और वह तीसरे स्थान पर रहे। पीएमके के सी. अंबुमणि को 56,296 मत मिले। द्रमुक कार्यकर्ताओं ने इस जीत के बाद पूरे राज्य में पटाखे फोड़े और लोगों को मिठाइयां बांटी। द्रमुक अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने राष्ट्रीय स्तर पर 'इंडिया' गठबंधन की जीत की ओर इशारा करते हुए कहा कि भाजपा को अपनी हार से सबक सीखना चाहिए।

स्टालिन ने कहा, भाजपा को यह समझना चाहिए कि क्षेत्रीय भावनाओं का सम्मान किए बगैर वह सरकार और पार्टी नहीं चला सकती। उन्होंने इस जीत को एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि यह चुनावी जीत पार्टी के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम अपनी उपलब्धियों और विजय के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं; हम लोगों के साथ हैं और लोग हमारे साथ हैं। मुख्यमंत्री ने जीत के लिए लोगों और अपनी पार्टी तथा सहयोगी दलों समेत उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने जीत के लिए कड़ी मेहनत की है। मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक और हाल के लोकसभा चुनाव में उसकी सहयोगी डीएमडीके ने 10 जुलाई को हुए उपचुनाव का बहिष्कार किया था। इस साल अप्रैल में द्रमुक विधायक एन. पुगाझेंथी का निधन हो जाने के कारण इस सीट पर उपचुनाव कराया गया। द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन ने हाल में संपन्न संसदीय चुनाव में तमिलनाडु की सभी 39 जबकि पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट पर जीत हासिल की थी।

## कर्नाटक कांग्रेस सरकार फंड ट्रांसफर के नए घोटाले में घिरी

बेंगलूरु। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के लिए एक नई शर्मिंदगी की बात यह है कि एक नया घोटाला सामने आया है। यह घोटाला राज्य के पर्यटन विभाग से जुड़ा है। आईडीबीआई बैंक बागलकोट के अधिकारियों, उपायुक्त और जिला पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष के नेटवर्क द्वारा कथित तौर पर 2.63 करोड़ रुपये के फंड के हेरफेर के आरोप सामने आए हैं।

पर्यटन विभाग के एक अधिकारी ने बैंक अधिकारियों और सरकारी अधिकारियों पर जिले में पर्यटन विकास परियोजनाओं, लाभार्थियों और श्रमिकों के लिए दिए गए धन को धोखाधड़ी से निकालने का आरोप लगाते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की है।

एफआईआर के मुताबिक इन अवैध लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए आईडीबीआई बैंक की बागलकोट शाखा में तीन अलग-अलग खाते खोले गए थे।



केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी शनिवार को बेंगलूरु के जेपी भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए।

# जनजाति कल्याण बोर्ड घोटाले में कर्नाटक सरकार ने किया अधिकारों का दुरुपयोग : एचडी कुमारस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु । कर्नाटक के महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड घोटाले में पूर्व मंत्री बी नागेंद्र को ईडी द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। स्पेशल कोर्ट ने बी नागेंद्र को 18 जुलाई तक हिरासत में भेज दिया है। अब इस मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी की प्रतिक्रिया सामने आई है। केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई और पूर्व मंत्री नागेंद्र की गिरफ्तारी पर कहा कि कर्नाटक सरकार किस तरह से कुछ अधिकारियों का इस्तेमाल करके अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रही है। कर्नाटक में पुलिस विभाग में क्या चल रहा है, यहां डीजी का क्या काम है। कर्नाटक में डीजी को कौन सा काम दिया गया है और वह किस तरह से कई मामलों में निर्णय ले रहे हैं। ये सब साफ दिखाई दे रहा है। क्या राजनीति से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

कुमारस्वामी ने घोटाले में नागेंद्र के शामिल होने के सवालों पर कहा कि इस मामले की जांच चल रही है, लेकिन सब जानते हैं कि उन्होंने बैंक से 94 करोड़ रुपये बेनामी खातों में ट्रांसफर कर दिए। 10-15 से अधिक बेनामी खातों में ये पैसे ट्रांसफर किए गए। फिलहाल जांच चल रही है और जल्द ही सच्चाई से पर्दा उठेगा।

केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाए जाने के केंद्र सरकार के फैसले पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 1975 में कानूनी लड़ाई हारने के बाद देश में आपातकाल लगाया था। इमरजेंसी के दौरान देश में आम जनता का उत्पीड़न किया गया। इसी के आधार पर मोदी सरकार ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि 'संविधान हत्या दिवस' मनाने का फैसला किसी एक शख्स का नहीं है, बल्कि मंत्रिमंडल और सरकार का है। इंदिरा गांधी ने साल 1975 में जब इमरजेंसी लगाई थी तो उस दौरान क्या-क्या हुआ था। इन सब बातों को जानने का अधिकार देश की जनता को है। इसी वजह से हमारी सरकार ने ये फैसला किया कि 25 जून 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में जाना जाए।

# केरल के विभिन्न हिस्सों में बारिश, मौसम विभाग ने चार जिलों के लिए जारी किया 'ऑरेंज अलर्ट'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



तिरुवनंतपुरम। केरल के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को राज्य के तीन उत्तरी जिलों में दिन के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। आईएमडी ने कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड में 'ऑरेंज अलर्ट' और प्रदेश के नौ अन्य जिलों के वास्ते दिन के लिये 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

मौसम विभाग ने दिन में पथनमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टयम, इडुक्की और एर्नाकुलम जिलों के कुछ स्थानों में गर्जन और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इसने 14 से 16 जून तक राज्य के मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिये 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। 'ऑरेंज अलर्ट' यानी 11 से 20 सेमी के बीच बहुत भारी बारिश और 'येलो अलर्ट' का मतलब 6 से 11 सेमी के बीच भारी बारिश है।

आईएमडी ने बताया कि उत्तरी गुजरात और पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर चक्रवात के प्रभाव के कारण अगले पांच दिनों के दौरान केरल में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ व्यापक वर्षा होगी। मौसम की चेतावनी के मद्देनजर केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने लोगों को पेड़ों के नीचे न खड़े होने या वाहन नहीं खड़े करने को लेकर परामर्श दिया। केएसडीएमए ने कहा कि तेज हवाओं के कारण पेड़ गिर सकते हैं।

अधिकारियों ने छप्पर, चादर या असुरक्षित घरों में रहने वालों को सुरक्षित भवनों में जाने का परामर्श दिया। इस बीच, आईएमडी ने खराब मौसम और तेज हवाओं की संभावना के कारण मछुआरों को 13 से 17 जून तक केरल, कर्नाटक और लक्षद्वीप के तटीय इलाकों में समुद्र में न जाने की सलाह दी है। भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस) ने भी कहा कि रविवार तक केरल और तमिलनाडु तटों पर ऊंची लहरें और तूफान आने की आशंका है।

उद्घाटन



बेंगलूरु में शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने मागडी रोड पर डॉ. बाबू जगजीवन राम भवन का उद्घाटन किया।

## आंध्र, कर्नाटक से आपूर्ति बढ़ने से आगामी सप्ताहों में टमाटर की कीमतों में आ सकती है गिरावट

नयी दिल्ली/बेंगलूरु। राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर की खुदरा कीमत 75 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। एक सरकारी अधिकारी ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी राज्यों से आपूर्ति बढ़ने से आने वाले हफ्तों में इसमें नरमी आने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा कि आपूर्ति में बाधा के कारण बढ़ीं टमाटर और प्याज की कीमतों के जल्द स्थिर होने की उम्मीद है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज़्यादा हैं। भीषण गर्मी और उसके बाद भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित हुई, जिससे खुदरा कीमतों में उछाल आया। उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली में टमाटर की कीमत 75 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है, लेकिन अगर भारी बारिश से आपूर्ति श्रृंखला बाधित नहीं होती है तो इसमें कमी आ सकती है।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 12 जुलाई को दिल्ली में टमाटर का खुदरा मूल्य 75 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में मूल्य 150 रुपये प्रति किलोग्राम था।

सुनवाई



मुख्यमंत्री सिद्दरामैया शनिवार को बेंगलूरु में केपीसीसी कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आपके मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान लोगों की बातें सुनते हुए।

शुभकामना



कर्नाटक भाजपा प्रदेश सचिव थम्मेश गौड़ा के जन्मदिन के अवसर पर बयातारायणपुरा विधानसभा क्षेत्र के पार्टी ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष आर आनंद, वार्ड नं. 5 के मुनिस्वामी वडयार (आनंद मास्टर), वार्ड नं. 6 के बी चंद्रशेखर जक्कूर, प्रमुख सचिव जी मुर्गेश एवं अन्य ने पहुंचकर शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि आर आनंद 'दक्षिण भारत' के प्रसार विभाग के इंचार्ज हैं।

## न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई तक स्थगित की

नयी दिल्ली/चेन्नई। उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी है। बालाजी को पिछले साल धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने समय की कमी के कारण शुक्रवार को मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। शीर्ष अदालत ने एक अप्रैल को एजेंसी को नोटिस जारी करते हुए बालाजी की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा था। शीर्ष अदालत ने एक अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी करते हुए बालाजी की जमानत याचिका पर जवाब मांगा था। बालाजी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए मद्रास उच्च न्यायालय ने 28 फरवरी को कहा था कि अगर उन्हें इस तरह के मामले में जमानत पर रिहा किया जाता है तो इससे गलत संकेत जाएगा और यह व्यापक जनहित के खिलाफ होगा। अदालत ने कहा था कि याचिकाकर्ता आठ महीने से अधिक समय तक जेल में रह चुका है, इसलिए विशेष अदालत को एक समय सीमा के भीतर मामले का निपटारा करने का निर्देश देना अधिक उपयुक्त होगा।

उच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार दैनिक आधार पर सुनवाई की जाए। बालाजी को पिछले साल 14 जून को नौकरी के लिए नकदी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया गया था। यह मामला उस वक्त का है जब बालाजी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) सरकार में परिवहन मंत्री थे। पिछले साल 12 अगस्त को ईडी ने बालाजी के खिलाफ 3,000 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया।

## स्टालिन ने की उपचुनावों में इंडिया समूह के प्रदर्शन की प्रशंसा

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम(द्रमुक) अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने उपचुनाव में विपक्षी इंडिया समूह के प्रदर्शन की सराहना करते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को इस हार से सबक लेना चाहिए और समझना चाहिए कि वह राज्य की भावनाओं का सम्मान किए बिना पार्टी और सरकार नहीं चला सकती। इंडिया समूह देश भर में 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में 11 पर आगे चल रहा है। स्टालिन ने विक्रवांडी विधानसभा उपचुनाव में द्रमुक की भारी जीत के बाद कहा कि विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा उपचुनावों में 13 सीटों में से 11 पर इंडिया समूह के उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। जहां तक ङ्कङ्कतमिलनाडु का सवाल है, राज्य में द्रमुक के नेतृत्व वाला इंडिया समूह का विजय रथ मार्च 2019 से जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उपचुनाव में भाजपा को भारी क्षति हुयी है।





# भाजपा कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस पर बिफरे शिवराज, बोले- ये झूठ बोलने की मशीन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजधानी जयपुर में शनिवार आयोजित बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनावों में विदेशी ताकतों की दखल रही। यह सच है कि हमारे विरोधियों में विदेशी ताकतें भी शामिल हैं। जो चाहते हैं कि किसी भी तरह से देश में बीजेपी की सरकार न रहे। उन्होंने कहा कि राजस्थान भी बदल रहा है लेकिन ये बात कांग्रेस को रास नहीं आ रही है अभी 99 की फेर की बात कई मित्रों ने की है मैं उसे दोहराना नहीं चाहता लेकिन राहुल बाबा आपको चिंदी मिल गई तो आप बजाज बन गए।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलने की मशीन हो गई है। उन्होंने कहा- राहुल पार्लियामेंट में क्या बोलते हैं हिन्दू हिंसक है! ए... बालक बुद्धि हिन्दुत्व को आप क्या जानों! एकम सद्विप्रा बहुधा वदन्ति हिन्दुत्व है। सत्य एक है विद्वान उसे अलग-अलग तरीके से कहते हैं। आत्मवत सर्वभूतेषु हिन्दुत्व है। जियो और जीने दो हिन्दुत्व है।

शिवराज ने कहा कि यह मेरा है, ये तेरा है ये सोच छोटे दिल वालों की होती है जो विशाल हृदय के होते हैं वो कहते हैं सारी दुनिया ही एक परिवार है। ये हिन्दुत्व है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आपके बीच में से ही आया हूं। उन्होंने कहा कि विधायक दल की बैठक में जब सीएम के लिए मेरा नाम बोला गया तो एक बार मुझे भी समझ में नहीं आया कि यह क्या हुआ। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं पर संगठन की नजर है। भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस में सर्वोच्च सम्मान मिला है। यह भारत के विश्वगुरु बनने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने पूर्व कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार में यहां गैंगस्टर आते थे, गोली चलाकर चले जाते थे। अब या तो गैंगस्टर राजस्थान में आएगा नहीं और आएगा तो बचकर जाएगा नहीं। प्रदेश प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने लोकसभा चुनावों में राजस्थान के कमजोर प्रदर्शन पर कहा कि इन चुनाव में विदेशी ताकतों के कारण भी हमें कम सीटें मिली। क्योंकि विदेशों में बैठे कुछ लोग, जिनके हित मोदी सरकार की नीतियों के चलते प्रभावित हो रहे थे। वह चाहते थे कि देश में पुरानी सरकार बने और यही वजह है कि विदेशी ताकतों का भी इन चुनाव परिणाम में असर देखने को मिला।

## वसुंधरा राजे दोपहर बाद पहुंचीं

राजस्थान में बीजेपी की सरकार बनने के बाद आज पहली बार प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हो रही है। कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं आपके बीच में से ही आया हूं। बैठक में वसुंधरा राजे दोपहर बाद पहुंचीं। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि बीजेपी में सभी सम्मान मिलता है। भजनलाल सरकार में कैबिनेट मंत्री इस्तीफा दे चुके किरोडी लाल मीणा की गैर मौजूदगी चर्चाओं में रही। वृहद कार्यसमिति में शामिल होने से पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचकर सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान सीएम भजन लाल शर्मा ने शिवराज सिंह चौहान का स्वागत किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बारवा, चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर सहित अन्य मंत्रिमंडल के सदस्य मौजूद रहे। सीपी जोशी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कि 5 साल कांग्रेस ने अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया, आज पेपर लीक खत्म हो गया। जोशी ने कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी को हिंदू आतंकवादी और हिंसक दिखता है। राहुल गांधी को तो बाबर, गौरी व गजनवी अहिंसा के पुजारी लगते हैं, लेकिन हम उन्हें बताते है कि हिन्दू कभी हिंसक नहीं हुआ है। कांग्रेस ने आजादी से लेकर अब तक हिंदू समाज और जाति के आधार पर बांटने का काम किया। 70 साल से एक परिवार ने देश को तुष्टीकरण के नाम पर चलने का काम किया। जोशी ने बैठक में प्रदेश की सरकार का 6 महीने में लिए गए निर्णयों पर स्वागत किया और कार्यक्रम में मौजूद पार्टी के नेताओं के हाथ उठवाकर संकल्प दिलाया कि प्रदेश में बार बार भाजपा की सरकार बनाएंगे।

प्रदेश से लेकर मंडल तक के मौजूदा कार्यकर्ताओं के बीच मे प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस को जमकर निशाने पर लिया। जोशी ने कांग्रेस के हिंदू हिंसक बयान से लेकर दलितों के प्रति सोच को लेकर हमला बोला, इतना ही नही जोशी ने यहां तक कहा कि राजेश पायलट और माधवराव सिंधिया की हुई रहस्यमयी मौत, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने आज तक जांच नही कारवाई। बता दें कि माधवराव सिंधिया की मौत यूपी के मैनपरी में 30 सितंबर 2001 को प्लेन क्रैश में हुई थी। जबकि राजेश पायलट की मौत 11 जून 2000 को कार हादसे में जयपुर के पास हुई थी।

## वृक्षारोपण



जयपुर में शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मातृशक्ति और प्रकृति के संरक्षण के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराजसिंह चौहान व भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री के साथ वृक्षारोपण किया।

# राजस्थान में कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में पिछले 24 घंटों के दौरान कहीं-कहीं पर भारी बारिश और कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य में सर्वाधिक बारिश अनूपगढ़ के मुकलावा में 9.7 सेंटीमीटर दर्ज की गई। केंद्र के अनुसार, इस दौरान बूंदी में नौ सेंटीमीटर, चूरू के तारानगर में नौ सेंटीमीटर, बीकानेर के डूंगरगढ़ में नौ सेंटीमीटर, टोंक के टोडारायसिंह में आठ सेंटीमीटर, मालपुरा में सात सेंटीमीटर, बूंदी के हिडोंन में सात सेंटीमीटर झुंझुनूं के पिलानी में सात सेंटीमीटर, श्रीगंगानगर के करणपुर में सात सेंटीमीटर, पाटन में छह सेंटीमीटर, टोंक के देवली में छह सेंटीमीटर, हनुमानगढ़ के रावतसर में छह सेंटीमीटर, श्रीगंगानगर के रायसिंहनगर में छह सेंटीमीटर और राज्य के अनेक स्थानों पर एक से पांच सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई।

मौसम केंद्र के प्रवक्ता राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शनिवार को एक बार पुनः बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में मेघ गर्जन के साथ मध्यम से तेज बारिश व कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दक्षिण-पश्चिमी भागों में बारिश की गतिविधियों में कमी रहने की संभावना है। प्रवक्ता ने बताया कि पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में आगामी दिनों में बारिश जारी रहने की संभावना है। 15 जुलाई से कुछ भागों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

शर्मा ने बताया कि बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी दो दिन आंधी व बारिश जारी रहने की संभावना है। वहीं, 15 जुलाई से बीकानेर संभाग में बारिश की गतिविधियों में कमी होने तथा जोधपुर संभाग में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# कोटा में लिफ्ट में फंसी महिला की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत

कोटा। राजस्थान के कोटा में एक लिफ्ट में फंसी 43 वर्षीय महिला की इमारत की तीसरी मंजिल से बेसमेंट में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी और यहां बहुमंजिला अपार्टमेंट में करीब 45 मिनट तक लिफ्ट में फंसी रही, जिसे बचाने के लिए एक अभियान चलाया गया लेकिन इस दौरान उसकी गिरकर मौत हो गयी।

पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर घटना के एक दिन बाद शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव उसके परिजनों को सौंप दिया। मृतक महिला की पहचान शहर के आरके पुरम थाना क्षेत्र के श्याम नगर की रहने वाली रुक्मणीबाई (43) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार अपराह्न जब काम खत्म कर महिला अपने घर लौटने के लिए फ्लैट से निकलकर लिफ्ट में चढ़ी तो बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण अंदर फंस गई।

उसी मंजिल पर रहने वाली कुछ महिलाओं ने मदद के लिए उसकी चीख सुनी और उसे बचाने के लिए दौड़ी।

महिलाओं द्वारा चलाये गये बचाव अभियान के दौरान महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह बारिश के पानी से भरे बेसमेंट में गिर गई। उसे तुरंत बेसमेंट से बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# उड़ते विमान से शेखावत ने लगाई छलांग, स्काईडाइविंग दिवस पर दिया खास संदेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। हरियाणा में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विश्व स्काईडाइविंग दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण और रोमांचक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने स्काईडाइविंग करके इस दिवस का उत्सव मनाया और नए स्काईडाइविंग विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह आयोजन नारनौल एयरस्ट्रिप पर हुआ, जो भारत का एकमात्र नागरिक स्काईडाइविंग ड्रॉप जोन है।

गजेंद्र सिंह शेखावत जो केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री हैं। इन्होंने अपने साहसिक कदम से एक संदेश दिया कि नए और साहसिक भारत के लिए आसमान भी सीमा नहीं है। उन्होंने सुबह के समय एक टेंडम स्काईडाइव लिया, जो उनके साहस और आत्मविश्वास को दर्शाता है। इस अवसर पर शेखावत ने कहा, वास्तव में आनंददायक! विश्व स्काईडाइविंग दिवस के अवसर पर नए स्काईडाइविंग विमान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने और आज सुबह स्काईहाई में एक टेंडम स्काईडाइव लेने का आनंद प्राप्त हुआ।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में स्काईडाइविंग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और साहसिक खेलों को बढ़ावा देना था। नारनौल एयरस्ट्रिप पर यह आयोजन स्काईडाइविंग के प्रति भारतीय युवाओं की बढ़ती रुचि को भी दर्शाता है। गजेंद्र सिंह शेखावत के इस कदम से स्काईडाइविंग और अन्य साहसिक खेलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिलेगी, जिससे देश में पर्यटन और संस्कृति को भी बल मिलेगा।

# आलमसर के सरकारी स्कूल में डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देते 20 को पकड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बाड़मेर। बाड़मेर जिले के धनाउ थाना इलाके में स्थित एक गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे 10वीं व 12वीं के स्टेट ओपन परीक्षा में डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा देते हुए पुलिस ने 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन नाबालिगों को निरुद्ध किया है। दसवीं हिंदी की परीक्षा में 19 डमी अभ्यर्थी व 12वीं जीव विज्ञान की परीक्षा में एक डमी अभ्यर्थी को पकड़ा गया। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि धनाउ थाना इलाके के आलमसर गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान स्टेट ओपन का परीक्षा केंद्र है। जहां शुक्रवार को कक्षा 10वीं की हिंदी विषय व कक्षा 12वीं की जीव विज्ञान विषय की परीक्षा चल रही थी।

परीक्षा केंद्र अधीक्षक जबर सिंह को संदेह होने पर उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर सीओ कृतिका यादव के सुपरविजन एवं एसएचओ सेड़वा दीप सिंह व थाना धनाउ प्रभारी लाखाराम एएसआई टीम के साथ स्कूल में पहुंचे। जांच व चैकिंग के दौरान वास्तविक अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा दे रहे 11 छात्र व 9 छात्राओं सहित कुल 20 डमी अभ्यर्थियों को दस्तयाब किया गया।

एसपी मीणा ने बताया कि वास्तविक अभ्यर्थी अमेद अली शाह निवासी आलमसर के स्थान पर परीक्षा देते डमी अभ्यर्थी शौकत खान निवासी आलमसर, हुजूर निवासी बामनोर के स्थान पर डमी अभ्यर्थी सबोज खान निवासी दीनगढ़, मिठन शान निवासी आलमसर की जगह डमी अभ्यर्थी हनीफ निवासी दीनगढ, सफूरा निवासी बामनोर की जगह डमी अभ्यर्थी नसीबा निवासी दीनगढ को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार बेगु निवासी बामनोर की जगह डमी अभ्यर्थी इज्जत निवासी दीनगढ, दरिया निवासी पुंजासर की जगह ममता मेघवाल निवासी बामनोर, परमेश्वरी निवासी मगरा चौहटन की जगह सुशीला निवासी राणासर कला, रानी खान निवासी इब्रे का पार की जगह जरीना निवासी आलमसर, शंकर लाल निवासी भाउडा खारी की जगह सुरेश कुमार निवासी राणासर कला, खीया राम निवासी खेडा दीनगढ की जगह फूसाराम जाट निवासी दीनगढ, हनुमानराम जाट निवासी श्रीरामवाला की जगह हनुमानराम निवासी रामदेरीया एकल थाना बाखासर को गिरफ्तार किया गया।

हबीब खान निवासी आलमसर की जगह शरीफ खान निवासी दीनगढ, विरधा राम मेघवाल निवासी गोहड का तला रोल की जगह केवाराम मेघवाल निवासी आगीनशाह की ढाणी थाना धनाउ, राणाराम सुथार निवासी बाकासर आलमसर की जगह स्वरुप जांगीड निवासी बाकासर आलमसर, लुणी देवी निवासी बामनोर की जगह बसन्ती निवासी बामनोर एवं पार्वती जाट निवासी प्रेमनगर नेतराड की जगह डमी अभ्यर्थी चन्द्रा जाट निवासी प्रेमनगर नेतराड थाना चौहटन को गिरफ्तार किया गया।

चांदनी निवासी पावडो का तला धनाउ की जगह डमी नाबालिग अभ्यर्थी, धनी निवासी आलमसर की जगह डमी नाबालिग अभ्यर्थी एवं इकबाल निवासी आलमसर की जगह डमी नाबालिग अभ्यर्थी को निरुद्ध किया गया।

# सरकार को विद्यार्थियों की छात्र संघ चुनाव की मांग को चाहिए मानना : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने जयपुर में छात्रसंघ चुनावों की मांग कर रहे विद्यार्थियों पर बल प्रयोग की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि ऐसा करने की बजाय राज्य सरकार को उनकी मांग को मानना चाहिए। गहलोत ने शनिवार को अपने बयान में कहा कि विद्यार्थियों पर बल प्रयोग, उन पर मुकदमें लगाकर उनके करियर को प्रभावित करने का डर दिखाना आदि लोकतांत्रिक कदम नहीं हैं। ये विद्यार्थी ही आगे की राजनीति का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के समय पुलिस-प्रशासन के फीडबैक के कारण चुनावी वर्ष में छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाए जा सके थे क्योंकि प्रशासन विधानसभा चुनावों की तैयारी में व्यस्त था एवं अधिकांश जगह कॉलेज ही चुनावी गतिविधियों जैसे चुनावी ट्रेनिंग, ईवीएम भंडारण एवं मतगणना केन्द्र आदि होते हैं।

उन्होंने कहा मेरा मानना है कि छात्रसंघ राजनीति की पहली पाठशाला है। छात्रसंघ चुनावों से विद्यार्थियों में लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति जागरुकता आती है। मैं स्वयं छात्रसंघ की राजनीति से निकला हूं। पिछले कार्यकाल में भाजपा सरकार ने छात्रसंघ चुनावों पर रोक लगाई थी जिसे हमारी सरकार ने हटाया। कोविड के बाद भी हमारी सरकार ने ही छात्रसंघ चुनाव बहाल किए थे। उन्होंने कहा मैं छात्रसंघ चुनाव में शामिल होने के इच्छुक युवाओं से भी कहना चाहता हूं कि आप भी इन चुनावों को पैसा और ताकत दिखाने का जरिया बनाने की जगह जेएनयू दिल्ली की भांति शुचिता एवं बुद्धिमता वाला चुनाव बनाएं और एक नई राजनीति की शुरुआत करें।



# पानी का दरिया बना पीबीएम अस्पताल, टपकती छत से वार्ड पानी-पानी हुए

बीकानेर/दक्षिण भारत। बीते दो दिनों में हुई बारिश ने जिला प्रशासन के दावों की पोल खोलकर रख दी। एक ओर जहां शहर के निचले इलाकों में कई-कई फीट पानी जमा हो गया तो वहीं कुछ घंटों की बारिश का असर संभाग के सबसे बड़े पीबीएम अस्पताल में भी देखने को मिला। अस्पताल के वाई वार्ड में पहले तो छत का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया, उसके बाद छत से टपकते पानी से पूरा वार्ड पानी-पानी हो गया। हार्ट अस्पताल के आगे लगभग तीन-तीन फीट पानी भरने के कारण वहां मरीजों के परिजन अस्पताल की व्यवस्थाओं को कोसते दिखाई दिए। अस्पताल के एफ वार्ड में तो जलजमाव के चलते उसे खाली ही करवाना पड़ा। वहीं जनाना अस्पताल में भी सीवर लाइन चोक होने के कारण सड़कों पर सीवर का पानी जमा हो गया, जिसके चलते मरीजों के तीमारदार परेशान दिखाई दिए। अस्पताल के अधीक्षक ने अस्पताल की इस हालत पर जिम्मेदारी से बचते हुए यहां जमा पानी का ठीकरा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के सिर डालते हुए कहा कि अस्पताल प्रशासन ने मानसून को लेकर पहले से तैयारियां शुरू कर दी थीं लेकिन पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

# सुशासन की पहली शर्त है कानून का राज : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सुशासन की पहली शर्त कानून का राज है और समय पर न्याय देने के लिए इस क्षेत्र के विशेषज्ञ भी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, सुशासन की पहली शर्त कानून का राज है और हर व्यक्ति इस तंत्र को पसंद करता है। समय पर न्याय देने के लिए इस क्षेत्र के विशेषज्ञ भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। भारत को आज कानून के राज के लिए जाना जाता है।

योगी ने कहा, यह लोगों की धारणा, देश की धारणा और विश्व की धारणा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विश्वविद्यालय ने सही मार्ग पर कदम बढ़ाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ के साथ विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। योगी आदित्यनाथ ने कहा, यह देखकर प्रसन्नता होती है कि कई डिग्रीधारक न्यायिक क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जाकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह बताता है कि विश्वविद्यालय सही दिशा में जा रहा है। विश्वास के महत्व पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, एक आम आदमी आशा के साथ आपके पास आता है। हम देखते हैं कि जब लोग पारिवारिक विवाद के साथ आते हैं तो वे किसी की नहीं सुनते, लेकिन वकील जहां भी कहता है, आंख मूंदकर हस्ताक्षर कर देते हैं क्योंकि उनका उस वकील में विश्वास है। यह विश्वास आपकी बड़ी संपत्ति है और यह विश्वास बार और बेंच दोनों पर बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विश्वास को बनाए रखना हम सभी के लिए सबसे बड़ी चुनौती रही है क्योंकि बदलते वातावरण में लोगों की जरूरतें, तरीके, प्रौद्योगिकी आदि लोगों और इस व्यवस्था को बदल रही है।

## कानून की पढ़ाई में क्षेत्रीय भाषाओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए : चंद्रचूड़

**लखनऊ/भाषा।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति धनन्जय वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की पढ़ाई के दौरान क्षेत्रीय भाषाओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

यहां राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, कानूनी क्षेत्र में अंग्रेजी भाषा पर जोर दिया गया है। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय में मामलों की सुनवाई अंग्रेजी भाषा में होती है। कई बार ऐसा होता है कि केस लेकर आए आम नागरिक यह नहीं समझ पाते कि अदालत में क्या बहस हो रही है। हाल ही में मैंने कई ऐसे निर्देश दिए हैं जिससे न्याय प्रक्रिया को आम लोगों के लिए आसान बनाया जा सके। उदाहरण के तौर पर, उच्चतम न्यायालय के निर्णयों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है, जिससे आम जनता समझ सके कि निर्णय में आखिर क्या लिखा है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, हाल ही में उच्चतम न्यायालय के अनुसंधान विभाग ने 81 विश्वविद्यालयों और कॉलेजों का सर्वेक्षण किया और विश्लेषण में पाया कि आम जनता को अंग्रेजी भाषा ना जानने की वजह से अपने अधिकारों व उससे जुड़ी योजनाओं को समझने में बाधा महसूस होती है। इसका अर्थ है कि विधि विवि में कानून की पढ़ाई अंग्रेजी में होती है और कई बार छात्र विधिक सहायता केंद्रों में कानूनी प्रक्रिया को आम जनता को समझा नहीं पाते।

# भाजपा ने 'संविधान हत्या दिवस' का विरोध करने के लिए कांग्रेस, उसके सहयोगियों पर साधा निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने के केंद्र के फैसले का विरोध करने के लिए कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर शनिवार को निशाना साधा और कहा कि आपातकाल के खिलाफ लड़ने वाले लोग भी सत्ता के लिए अराजकतावादी कहलाने को तैयार हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, चूंकि 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है, इसलिए उन लोगों के दिलों में बहुत दर्द है, जो संविधान का रक्षक होने का दिखावा कर रहे हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि जब 50 साल (आपातकाल लागू होने के बाद) हो गए हैं, तो (संविधान हत्या दिवस मनाने की) क्या जरूरत है।'' त्रिवेदी ने आरोप लगाया, सत्ता की लालसा में आप अपने ऊपर अराजकता का ठप्पा लगाने को भी तैयार हैं। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या जेपी आंदोलन उनके लिए भी अराजकता था। त्रिवेदी की टिप्पणी शिवसेना नेता संजय राउत के एक बयान के जवाब में आयी है, जिन्होंने दिन में पहले कहा था कि आपातकाल को 50 साल हो गए हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी भविष्य के बजाय अतीत को देखती रहती है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1975 में आपातकाल लगाया था, क्योंकि देश में अराजकता थी। उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में उनके समकक्ष अटल बिहारी वाजपेयी को भी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ता, तो वे भी आपातकाल लगाते। राउत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल की तुलना भी आपातकाल से की।

विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल राजद ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' घोषित करने के लिए मोदी सरकार की शुक्रवार को आलोचना की थी और कहा था कि इस तरह के कदमों से भाजपा संविधान से 'छेड़छाड़' करने के अपने प्रयासों के कारण लोकसभा चुनाव में मिले 'झटके' से उबरने की कोशिश कर रही है। राजद सांसद मनोज झा ने भी सत्तारूढ़ भाजपा पर दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया था और मांग की थी कि केंद्र 30 जनवरी को 'गांधी हत्या दिवस' घोषित करे, जिस दिन महात्मा गांधी की हत्या हुई थी।

झा ने सत्तारूढ़ भाजपा से आईना देखने और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने और देश में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को परेशान करने के लिए माफी मांगने को कहा। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, और बतायें कि 'बापू' (महात्मा गांधी) की हत्या किसने की, उसका वैचारिक झुकाव किस ओर था, वह किस संगठन से जुड़ा था।

त्रिवेदी ने कहा कि आपातकाल के काले दिनों को याद करने के लिए 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का सरकार का फैसला जरूरी था। उन्होंने कहा, यह ध्यान देने योग्य बात है कि जिन लोगों ने उत्पीड़न झेला, वे आज उत्पीड़कों के साथ हैं।

त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि संविधान की हत्या सिर्फ 1975 में ही नहीं, बल्कि कांग्रेस के सभी शासनकालों के दौरान की गई। उन्होंने कहा, संविधान में पहला संशोधन जवाहरलाल नेहरू ने 1951 में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कमतर करने के लिए किया था, जब चुनाव भी नहीं हुए थे।



## हेमंत सोरेन ने की कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी से शनिवार को मुलाकात की।

सोरेन ने कांग्रेस नेता के आवास से निकलने के बाद संवाददाताओं से कहा कि जेल से बाहर आने के बाद यह उनकी एक शिष्टाचार भेंट थी और इस मुलाकात के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। झारखंड उच्च न्यायालय ने भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में हेमंत सोरेन को गत 28 जून को जमानत दी थी। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने एक बार फिर मुख्यमंत्री पद संभाला है।

## कहासुनी होने पर पड़ोस की महिला ने बच्चे को तालाब मे फेंक कर मार दिया

**बिजनौर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में मां के साथ कहासुनी होने के बाद पड़ोस की एक महिला ने एक बच्चे को तालाब मे फेंक कर मार दिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला को हिरासत मे लेकर बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने शनिवार को जानकारी दी कि शुक्रवार दोपहर थाना चांदपुर में मोहल्ला काजीजादगान की रहने वाली ने तरन्नुम ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उसका तीन वर्षीय पुत्र अर्सलान घर से लापता है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू की। परिजनो ने पड़ोस की महिला रोशन पर शक जाहिर किया तो पुलिस ने रोशन को हिरासत मे लेकर पूछताछ की। उन्होंने बताया कि रोशन ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि तरन्नुम से उसकी कहासुनी हो गयी थी और इसी वजह से उसने अर्सलान को उठाकर पास के तालाब मे जिंदा फेंक दिया।

शनिवार को पुलिस ने बच्चे का शव तालाब से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पुलिस अधीक्षक के अनुसार पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही है तथा मोहल्ले के लोगों से साक्ष्य एकत्र कर रही है।

# त्रिपुरा में दो समूह के बीच झड़प में आदिवासी युवक की मौत के बाद दुकानों को आग लगाई गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अगरतला/भाषा।** त्रिपुरा के धलाई जिले में दो समूह के बीच हुई झड़प में एक आदिवासी युवक की मौत के बाद कई दुकानों में आग लगा दी गई और घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिसके बाद अधिकारियों ने वहां निषेधाज्ञा लागू कर दी।

धलाई जिले के गंडतविसा में सात जुलाई को दो समूहों के बीच झड़प में 19 वर्षीय छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद उसे जीबीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि आदिवासी युवक की मौत के बाद शुक्रवार को आगजनी की घटनाएं सामने आईं, जिसके बाद वहां अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया और इलाके में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं।

पुलिस ने बताया कि छात्र की मौत के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परमेश्वर रियांग अपने दोस्तों के साथ रथ यात्रा के अवसर पर आयोजित मेले में शामिल होने के लिए गंडतविसा बाजार गया था।

धलाई के पुलिस निरीक्षक अविनाश राय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''गंडतविसा बाजार में अचानक दो समूहों के बीच झड़प हो गई, जिसमें रियांग गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले गंडतविसा अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में उसकी हालत ज्यादा गंभीर होने पर जीबीपी अस्पताल से जाया गया, जहां शुक्रवार उसकी मौत हो गई।''

उन्होंने बताया, ''अगरतला से लगभग 110 किलोमीटर दूर स्थित गंडतविसा में जब रियांग का शव लाया गया तो लोगों की भावनाएं भड़क उठीं और उन्होंने गुस्से में कुछ घरों और दुकानों में तोड़फोड़ की। हमने हत्या के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

गंडतविसा में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।''

## कूलर के सामने बैठने को लेकर विवाद होने पर दुल्हन ने शादी से किया इनकार

**बलिया (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात कूलर के सामने बैठने को लेकर बारातियों के विवाद करने के बाद दुल्हन के शादी से इनकार करने पर बारात बैरंग लौट गई।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में दूल्हे सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार जिले के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के चितबड़ा गांव में शुक्रवार की रात एक शादी समारोह में कूलर के सामने बैठने को लेकर बारातियों द्वारा विवाद कर लिया गया जिसके बाद दुल्हन प्रतिभा गुप्ता नाराज हो गई और उसने शादी से इनकार दिया, इससे दोनों पक्षों में भारी विवाद हो गया।

थाना प्रभारी प्रशांत चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों के काफी प्रयास के बावजूद दुल्हन शादी करने के लिए तैयार नहीं हुई।

पुलिस ने इस मामले में दूल्हा हुकुम चंद जायसवाल, उसके बहनोई पंकज जायसवाल के साथ ही दुल्हन के पिता नन्द जी गुप्ता और उसके भाई राजेश गुप्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# असम में कई भाजपा विधायक कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं: सांसद प्रद्युत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** कांग्रेस सांसद प्रद्युत बरदोलोई ने शनिवार को दावा किया कि असम के कई मौजूदा भारतीय जनता पार्टी विधायकों ने विपक्षी दल में शामिल होने के लिए उनसे और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं से संपर्क किया है जिस पर आगामी 'राजनीतिक मामलों की बैठक' में अंतिम फैसला लिया जाएगा।

उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उन नेताओं को शामिल करने के खिलाफ है जो अतीत में कांग्रेस के बारे में 'अपशब्द' बोलते रहे हैं।

असम के पूर्व मंत्री बोरदोलोई ने कहा, ''कई विधायकों ने हमारी पार्टी से संपर्क किया है और कुछ ने मुझसे संपर्क किया है। वे कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं। हमारी पार्टी अंतिम फैसला लेगी और फिलहाल चर्चा चल रही है।''

लगातार दो बार लोकसभा के लिए निर्वाचित प्रद्युत ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी की 'अंदरुनी कहानी (स्थिति)' उतनी अच्छी नहीं है, जितनी की सत्तारूढ़ पार्टी पेश करने की कोशिश करती है।

प्रद्युत ने कहा, ''पुराने और नए भारतीय जनता पार्टी सदस्यों के बीच लगातार टकराव चल रहा है। दादा ब्रिगेड (मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के समर्थक) के प्रभाव और कार्यशैली की पार्टी के कई पुराने नेता सराहना नहीं करते।''

वरिष्ठ नेता ने जोर देकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने के मुद्दे पर 15 से 17 जुलाई तक होने वाली पार्टी की आगामी 'राजनीतिक मामलों की बैठक' के दौरान चर्चा की जाएगी।



# जनता ने भाजपा की नकारात्मक राजनीति खारिज की, मोदी-शाह की राजनीतिक साख गिर रही : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को दावा किया कि विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा उपचुनावों में लोगों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अहंकार, कुशासन और नकारात्मक राजनीति को सिरे से नकार दिया है तथा ये नतीजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की गिरती राजनीतिक साख का भी प्रमाण हैं।

देश के सात राज्यों की 13 सीट पर हुए विधानसभा उपचुनाव की मतगणना के बाद आए परिणाम में 'इंडिया' गठबंधन को 10 और भाजपा को सिर्फ दो सीट मिली।

विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को पंजाब की एक, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पश्चिम बंगाल की चार, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर मतदान हुआ था।

खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''विधानसभा उपचुनाव के सकारात्मक परिणाम के लिए हम जनता के सामने नतमस्तक है।

उन्होंने जहां-जहां कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट किया, इसके लिए उनका तहेदिल से धन्यवाद व आभार। विपरीत परिस्थितियों में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रयासों के लिए हम उनका अभिवादन करते हैं।'' उन्होंने कहा कि यह जीत दर्शाती है कि जनता ने भाजपा के अहंकार, कुशासन और नकारात्मक राजनीति को सिरे से नकार दिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने यह दावा भी किया, ''यह मोदी-शाह जी की गिरती राजनीतिक साख का भी प्रबल प्रमाण है।''

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''उत्तराखंड में दोनों विधानसभा उपचुनाव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जीते हैं। भाजपा की घटिया चालों का सामना करते हुए मंगलौर को बसपा से छीना गया। बदरीनाथ में निवर्तमान विधायक कांग्रेस के थे, जो लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हो गए थे। जनता ने उन्हें सही सजा दी है और कांग्रेस फिर से सीट जीत गई है।'' उन्होंने कहा कि दोनों ही तरह से नतीजे देश में बदलते राजनीतिक माहौल को दर्शाते हैं।

हिमाचल में कांग्रेस के तीन में से दो सीट जीतने पर रमेश ने कहा, ''हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सभी चालें बुरी तरह विफल हो गई हैं। कांग्रेस ने निर्दलियों के क़ब्ज़े वाली विधानसभा सीटों में से दो पर जीत हासिल की है, जिन्हें 'ऑपरेशन लोटस' के तहत लालच देकर भाजपा ने अपने तरफ़ कर लिया था। नतीजे कांग्रेस की और मजबूत होती स्थिति और भाजपा के प्रति जनता की नाराजगी को दर्शाते हैं।'' कांग्रेस के हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने 'एक्स' पर कहा, ''भाजपा ने हिमाचल में धनबल के जरिए नौ विधायकों के इस्तीफ़े कराये। जनता ने इन विधायकों को सबक़ सिखा छह को हरा दिया। छह लोगों का राजनीतिक करियर भाजपा ने बर्बाद कर दिया।''

## उपचार के लिए आई युवती के साथ चिकित्सक नें किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**प्रतापगढ़/भाषा।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के थाना आसपुर देवसरा पुलिस नें निजी अस्पताल के चिकित्सक पर उपचार के दौरान मरीज के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में शनिवार को मामला दर्ज किया है।

पुलिस उपाधीक्षक पट्टी आनन्द कुमार राय ने शनिवार को बताया कि थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र के ढकवा बाज़ार में स्थित एक अस्पताल में एक 25 वर्षीय युवती अपनी मां के साथ उपचार के लिए अस्पताल आयी, जहां चिकित्सक ने स्तन में गांठ के आपरेशन की सलाह दी। उन्होंने बताया कि तीन दिन पहले ऑपरेशन हुआ, और वह घर आ गयी। आरोप है कि शुक्रवार को चिकित्सक ने युवती को पट्टी बदलने के लिए बुलाया। वह अस्पताल गई तो चिकित्सक नें ऑपरेशन थिएटर में ले जाकर बेहोश कर दिया, और वहीं उसके साथ कथित दुष्कर्म किया।

पुलिस नें पीड़िता के पिता की तहरीर पर अस्पताल के संचालक आशीष कुमार यादव के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है ।

## ओडिशा में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस और ट्रक के बीच टक्कर में तीन लोगों की मौत, 14 घायल

**बारिपदा (ओडिशा)/भाषा।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में शनिवार को एक बस और ट्रक के बीच टक्कर हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे बेतनती पुलिस थाना क्षेत्र में बुदिखमारी स्कवायर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 18 पर हुई, जब बस, ट्रक से टकरा गई। बस में करीब 20 तीर्थयात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय बस हैदराबाद से गया जा रही थी।

अधिकारी ने बताया, ''इस हादसे में बस चालक उदय सिंह की मौत हो गई। वह हैदराबाद के चारमीनार का रहने वाला था।'' उन्होंने बताया कि हादसे में घायल हुए यात्रियों को बारिपदा स्थित पंडित रघुनाथ मुर्मू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अतिरिक्त जिला चिकित्सा अधिकारी बिजय कुमार दास ने बताया कि बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हादसे में 14 लोग घायल हुए हैं और उनका अस्पताल में इलाज जारी है।

अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

# दरभंगा में मुहर्रम के जुलूस में एक युवक के फलस्तीनी झंडा लहराने की पुलिस ने जांच शुरू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दरभंगा/भाषा।** बिहार के दरभंगा जिले में शुक्रवार को मुहर्रम के जुलूस में शामिल एक युवक को कथित तौर पर फलस्तीनी झंडा लहराए जाने को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। जिला मुहर्रम समिति के प्रमुख मुन्ना खान ने संवाददाताओं को बताया कि शुक्रवार को सदर पुलिस थाना क्षेत्र के किलाघाट इलाके में मुहर्रम जुलूस के दौरान एक युवक को फलस्तीन का झंडा लहराते देखा गया। उन्होंने बताया कि जैसे ही समिति के सदस्यों की नजर इस पर पड़ी, झंडे को तुरंत जब्त कर लिया गया।

दरभंगा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा, ''मामला जिला पुलिस के संज्ञान में लाया गया है और इसकी जांच शुरू कर दी गयी है। और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के वीडियो की जांच की जा रही है।''

# जायसवाल और गिल के अर्धशतक, भारत ने श्रृंखला जीती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हरारे/भाषा।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की।

भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दूबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। फिर जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया।

टी20 विश्व कप में जायसवाल को खेलने का मौका नहीं मिला था, उन्होंने 53 गेंद की नाबाद पारी में विकेट के चारों ओर शॉट लगाये। उनकी पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े थे। गिल ने संयम से खेलते हुए जायसवाल को ताबड़तोड़ रन जुटाने दिये तथा 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाये। जायवाल का जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा पर बैक-ड्राइव शॉट दर्शनीय था और रिचर्ड नगारवा की गेंद पर छक्का भी उतना ही आकर्षक था। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाजों की खामियों



का पूरा फायदा उठाते हुए जायसवाल ने नौ चौकों से अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि तब शुभमन 15 रन पर ही थे। जिम्बाब्वे के कप्तान रजा के पास इन दोनों के चौकों छक्कों को रोकने का कोई विकल्प नहीं था। बस सवाल था कि जायसवाल अपना शतक पूरा कर पायेंगे या नहीं। या फिर गिल अपना अर्धशतक बनायेंगे। गिल ने अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे जायसवाल के पास शतक पूरा करने के लिए रन नहीं बचे। लेकिन उन्होंने शानदार पुल-शॉट के साथ मैच खत्म किया। इससे पहले जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 28 गेंद में 46 रन की पारी खेली। लेकिन भारत के पांचवें गेंदबाज अभिषेक (तीन ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) और छठे विकल्प दूबे (दो ओवर में 11 रन देकर एक विकेट) ने अच्छे गेंदबाजी प्रयास से जिम्बाब्वे को दबाव में रखा। इन्होंने खतरनाक दिख रही वेस्ले माधेवेरे (24 गेंद में 25 रन) और टाडीवानाशे मारूमनी (31 गेंद में 32 रन) की सलामी जोड़ी को आउट करके मध्य ओवरों में लगाम कसी। कप्तान रजा ने हालांकि अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाकर जिम्बाब्वे को 150 से अधिक रन के स्कोर तक पहुंचाया। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को छोड़कर सभी भारतीय गेंदबाजों को विकेट मिले। पदार्पण करने वाले मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे (तीन ओवर में 30 रन देकर एक विकेट) का पहला स्पैल काफी अधिक फुल लेंथ वाली गेंद या बहुत शॉर्ट गेंद लेंथ वाला रहा।

इससे दोनों सलामी बल्लेबाज माधेवेरे और मारूमनी आसानी से बाउंड्री बनाने में सफल रहे। पर देशपांडे के लिए अच्छा रहा कि वह रजा का विकेट लेने में सफल रहे। पहले तीन मैच में जिम्बाब्वे के लिए पहले विकेट की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी नौ रन की थी लेकिन माधेवेर और मारूमनी ने 63 रन की साझेदारी निभायी, हालांकि यह इतनी तेज नहीं थी। बायें हाथ के स्पिनर अभिषेक ने पहले विकेट की साझेदारी तोड़ी।

## सुविचार

परख तो हर कोई लेता है हर किसी को, लेकिन कुछ सच बोल कर रिश्ते ख़त्म कर देते है, तो कुछ खामोश रहकर रिश्ते निभा लेते है।

## ट्वीट

आज भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान द्वारा आयोजित वृहद प्रदेश कार्यसमिति बैठक में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी सहित वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के ओजस्वी उद्बोधन का श्रवण किया व सकारात्मक मार्गदर्शन प्राप्त किया।

-प्रेमचंद बैरवा



सैंकड़ों घर उजड़ गए हैं, लोग राहत कैंप में रहने को मजबूर हैं, जिंदगियां खतरे में हैं। लेकिन आज भी केंद्र सरकार मणिपुर पर चर्चा करने से कतरा रही है। मणिपुर में अमन, चैन व शांति कायम करने के लिए लोगों की आवाज को कांग्रेस पार्टी सदन में मजबूती से उठाएगी।

-सचिन पायलट



## कहानी

श्वेता श्रीवास्तव

# नरक का मार्ग



'भक्तमाल' पढ़ते हुए न जाने कब नींद आ गई पता ही नहीं चला। भागवत प्रेम में ही कई महात्मा हर दम मग्न रहते थे। इस तरह की लग्न और भक्ति बड़े ही तप से प्राप्त होती है। क्या मुझसे वैसा तप नहीं हो पाएगा? जीवन में भक्ति से बड़ा क्या कोई सुख है? आभूषणों और धन-दौलत से जो प्रेम हो वो क्या प्रेम? इनका तो नाम सुनते ही मुझे बुखार सा हो जाता है। सुशीला ने इन आभूषणों और फूलों से मुझे कितना सजाया था। उसे मैंने मना भी किया था ये सब करने से, लेकिन वो मानी ही नहीं। इस शृंगार के दौरान जितना हम लोग हंसे थे बाद में मुझे उतना ही रोना पड़ा।

आखिर किसी का पती ऐसा होता है, जो अपनी पत्नी को सजा हुआ देखकर नाराज हो जाए। मेरे पति ने तो मुझे सजा-धजा देखकर गुस्सा किया और कहा कि तुम मेरा परलोक बिगाड़ दोगी। क्या किसी के पति ऐसे होते हैं, जो अपनी पत्नी की खूबसूरती और शृंगार देखकर गुस्सा करने लगें? उनके बातें सुनकर मन में तो होता है कि जहर ही खा लूं, लेकिन फिर मैंने नीचे जाकर 'भक्तमाल' पढ़ना शुरू कर दिया। फिर मन ही मन ठान लिया कि अपने इस शृंगार को सिर्फ बांके बिहारी को ही दिखाऊंगी और उनकी ही दिन रात सेवा करूंगा। कम-से-कम वो तो मेरे शृंगार से पति की तरह नहीं जलेंगे।

भगवान मैंने हमेशा से ही अपने पति को अपना इष्ट मानना चाहा। सोचा कि उन्हें किसी तरह का दुख न दूं और हरदम उनकी ही सेवा करूं। अब क्या करूं सारा दोष मेरे नसीब का ही है। वो तो निर्दोष हैं। मेरे भाग्य में जैसा लिखा है मैं वो सब भोग रही हूं। इतना सब पता होने के बाद भी जब भी उन्हें देखती हूं, तो मन में दुख होता है। जब वो कुछ दिनों के लिए बाहर चले जाते हैं, तो मन का बोझ कुछ कम हो जाता है। उनके न होने से हंसने-खेलने और जीवन को जीने लगती हूं। फिर जब कुछ दिनों बाद वो लौट आते हैं, तो उसी तरह का सन्नाटा और दुख छा जाता है।

मेरे मन में होता है कि वो मेरे पिछले जन्म के दुश्मन रहे होंगे और उस दुश्मनी का बदला लेने के लिए उन्होंने मुझसे विवाह किया होगा। तभी न मेरा मन उन्हें देखते ही उदास हो जाता है और उनकी सूरत मुझे बिल्कुल नहीं भाती। शायद इसी वजह से वो मुझे देखकर जलते रहते हैं। विवाह न किया होता, तो शायद आज सुखी होती। किन्तु दुनिया का दस्तूर है कि बेटी को किसी-किसी न पुरुष के साथ जन्मों के लिए बांध दिया जाता है।

यह क्या जानें कि एक युवती अपने पति को लेकर कितने सपने संजोकर रखती है। उसके लिए उसका पति कितना खास होता है, लेकिन यहां सब उल्टा है। इन्हें देखते ही मेरे सीने में जलन सी होने लगती है। कभी इन्हें देखकर आंखों को वो शीतलता नहीं मिली, जो पति को देखकर एक युवती को मिलनी चाहिए। उधर, सुशीला को देखती हूं, तो दुख और बढ़ जाता है। वो हमेशा हंसती-मुस्कुराती है। कभी अपनी गरीबी का रोना नहीं रोती। न उसके पास कपड़े अच्छे हैं और न ही गहने। मकान भी छोटा सा है। मन में होता है कि काश! मैं अपना धन देकर उसकी परेशानियां ले लेती। फिर होता है कि उसका पति ही उसका सबसे बड़ा धन है। उसी से सुशीला को पूरी दुनिया का सुख मिल जाता होगा।

सालों से इस सवाल को मन में दफन करने के बाद होते-होते एक दिन मुझसे रहा न गया। आखिर मैंने अपने पति से यह सवाल कर ही लिया कि आपने मुझसे शादी क्यों की थी? इस सवाल को सुनते ही मेरे पति ने मुंह बना लिया। वो चिढ़ते हुए बोले, अपना घर-परिवार संभालने के लिए और क्या?

भोग के लिए नहीं? इतना सुनते ही मैंने पूछा, क्या मैं सिर्फ इस घर का ख्याल रखने के लिए हूं? उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। फिर मेरे मन में हुआ कि पहले इस घर का सारा सामान जहां-तहां पड़ा रहता था। नौकर सब पूरा पैसा बर्बाद करते थे। अब मैं आ गई हूं तो इन सबका ख्याल रखना ही मेरा धर्म है और मुझे यह सोचकर खुश होना चाहिए कि इतनी संपत्ति मेरे पास है।

पहले मैं पूरे घर का ख्याल इनके बिना कहे रखती थी, लेकिन अब कुछ नहीं करूंगी। ऐसे घर की किसी भी वस्तु को मैं आगे से हाथ नहीं लगाऊंगी। लेकिन, कोई पुरुष विवाह सिर्फ घर संभालने के लिए थोड़ी करता है। उन्होंने जरूर ये जवाब मुझे गुस्से में चिढ़कर दिया है। वैसे सुशीला ठीक ही कहती थी कि एक घर महिला के बिना अधूरा होता है। ठीक उसी तरह से जैसे एक पिंजरा बिना किसी चिड़िया के खाली लगता है।

मैं समझ नहीं पाती हूं कि आखिर इन्हें मुझपर इतना संदेह क्यों होता है। मैं किसी से बात तक नहीं करती और न ही कहीं बाहर आती-जाती हूं। ऐसे में शक करने की कोई वजह भी नहीं है। क्या इन्हें समझ नहीं आता कि मैं घर की इज्ज़त और मान-मर्यादा के बारे में सब कुछ समझती हूं। किसी भी तरह की गलत हरकत करने की तो दूर मैं उसके बारे में सोच भी नहीं सकती हूं। कभी-कभी मुझे लगता है कि आधे से ज्यादा उम्र निकल जाने पर विवाह करने वाले बुजुर्ग लोगों का यही हाल होता होगा। बेवजह ही अपनी पत्नी पर शक करते होंगे।

सुशीला के बहुत बार कहने पर आज मैं उसके साथ ठाकुर जी की झांकी के दर्शन करने के लिए जाने वाली थी। मैं अपने बाल संवार ही रही थी कि तभी मेरे पति कहीं से आ गए। उन्होंने मुझे देखते ही पूछा, किधर जाने की तैयारी हो रही है? मैंने जवाब में कहा कि ठाकुर जी की झांकी आज निकल रही है उसी को देखने के लिए सुशीला के साथ जाना है। इतना सुनते ही वो गुस्से में बोले कि तुम्हें कहीं जाने की जरूरत नहीं है। अपने पति की जिससे सेवा नहीं हो सकती है, उसे भगवान के दर्शन से भी कोई लाभ नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं महिलाओं को अच्छे से। उनकी यह बात सुनते ही मुझे बहुत बुरा लगा। गुस्से में मैंने कपड़े बदल लिए और चुपचाप बैठ गई। मन में हुआ कि उसी वक्त घर छोड़कर चली जाऊं। फिर देखती हूं कि कैसे रोकते हैं, लेकिन पता नहीं क्या हुआ कि जा नहीं पाई। इनके मन में हमेशा ये होता है कि मुझे हरदम खुश रहना चाहिए, क्योंकि मैं इतने बड़े घर और दौलत की मालकिन हूं। मुझे हरदम इनका गुणगान करना चाहिए, लेकिन यह समझते नहीं हैं कि धन-दौलत ही सबकुछ नहीं होता है।

अब ये तीन दिन से बीमार हैं। उन्हें निमोनिया हो गया है और कितने दिनों से यह करहा रहे हैं, लेकिन मैं इन्हें एक बार भी देखने नहीं गई। सभी घर में मौजूद नौकर उनका ख्याल रख रहे थे, लेकिन मेरे दिल में किसी तरह की करुणा इनके लिए नहीं आई। मेरा मन इतना कठोर नहीं था, लेकिन जिस तरह से इन्होंने मुझे इस घर में कैदी की तरह रखा, हरदम शक किया और एक पल भी सुख नहीं दिया, उसके बाद इनके लिए दया मन में नहीं आती है।

मन में होता है कि मुझे दिए गए दुखों का भगवान ने इन्हें दण्ड दिया है। अगर कोई समझे कि महिला को यूं ही किसी पुरुष के गले बांध दें और उसे किसी भी तरीके से रखें सो पूरी तरह गलत है। सुना है कि वो अपनी बीमारी का दोष मुझे ही दे रहे हैं, लेकिन मुझे परवाह नहीं है। ये चाहें, तो किसी को भी अपना धन-दौलत दे सकते हैं। इसकी मुझे बिल्कुल जरूरत नहीं और न ही लोभ है। होते-होते एक दिन वो गुजर गए। आज उनको गए तीन दिन हो चुके हैं। मैंने उनके जाने के बाद चूड़िया नहीं तोड़ीं। मैं सिंदूर तो पहले भी नहीं लगाती थी और अभी भी नहीं लगाती। मेरे बुजुर्ग पति के बेटे ने ही उनका अंतिम संस्कार किया। घर के सभी लोग तरह-तरह के मुझे ताने देते हैं। मेरे बंधे हुए लंबे बाल देखकर सुनाते हैं, लेकिन मुझे जरा भी बुरा नहीं लगता है। ऊपर से मैं सभी को चिढ़ाने के लिए रंग-बिरंगी साड़ियां भी पहन लेती हूं। मेरे मन में होता है कि मैं इस कैद से रिहा हो गई हूं।

एक दिन मैं सुशीला के घर गई। उसके घर में किसी तरह की सुख-सुविधा नहीं थी। चारपाई तक वहां पर नहीं थी, लेकिन वो इतनी खुश थी कि उसे देखते ही मन में ऊर्जा का संचार हो जाता है। इन लोगों को गरीब और नीच कैसे समझें, जो हरदम मुस्कुराते रहते हैं और प्रेम भरी बातें करते हैं। भले ही यह आनंद पल भर का था, लेकिन इससे जीवन सफल सा लगता है। फिर एक दिन मैंने सुशीला से पूछा कि अगर तुम्हारे पति किसी दिन परदेश नौकरी के लिए चले गए, तो क्या तुम उनकी याद में रो-रोकर अपनी जान दे दोगी।

सुशीला जवाब में बोली, नहीं, जान तो नहीं दूंगी, लेकिन उनकी याद से हरदम मन आनंदित होता रहेगा। भले ही वो सालों परदेश में रह लें, लेकिन उनकी याद हमेशा ही मुझे खुशी देती रहेगी। मैंने भी कहा कि सुशीला मुझे भी ऐसी ही खुशी चाहिए, जिसके आनंद में हमेशा मैं झूमती और गाती रहूं। ऐसा आनंद जो कभी कम ही न हो।

मन आजकल काफी परेशान और चंचल था। होता था कि कहीं एकदम उड़ जाऊं। भक्ति के ग्रंथों को पढ़ने का भी मन न था और न ही बाहर कहीं सैर करने का। ऐसा लगता था कि मन को पता ही नहीं उसे क्या चाहिए, लेकिन मेरे दिल में अपने पुराने दुख ही चल रहे थे। अब मुझे किसी की भी निंदा से फर्क नहीं पड़ता था। दिमाग में यह बात भी उठ रही थी कि मेरे माता-पिता ने पैसों के लोभ में बूढ़े से विवाह करवा दिया और उसने भी सिर्फ अपनी जिद पूरी करने के लिए मेरी मांग में सिंदूर डाला, लेकिन जिंदगी भर शक ही करता रहा। एक दिन घर के सभी लोग सो रहे थे। कमरे में मेरा दम घुट रहा था, इसलिए मैं दौड़कर उस घर से बाहर की ओर भाग गई। तभी मुझे एक बुढ़िया दिखी। मेरे मन में हुआ कि कहीं वो कोई चुड़ैल न हो। तभी बुढ़िया ने कहा कि किसका रास्ता देख रही हो?

मैंने जवाब में कहा, मरने की राह देख रही हूं। बुढ़िया बोली अभी तुम्हारे नसीब में मौत नहीं है। तुम्हें कई सारे सुख भोगने हैं। मैंने भी चिढ़ते हुए उस बुढ़िया से पूछा कि इतनी रात में तुम किस्मत की लकीरें पढ़ लेती हो? आंखों से थोड़ी पढ़ती हूं। अक्ल से पढ़ लेती हूं। ये काम करते हुए ही सारी उम्र बीती है। तुम्हारे अब अच्छे दिन आ रहे हैं। मैं बस यही चाहती हूं, जिसकी जो मनोकामना हो वो उसे मिल जाए, जवाब देते हुए बुढ़िया ने कहा।

मैंने कहा कि मुझे कोई धन-दौलत नहीं चाहिए और जो मैं चाहती हूं, वह तुम नहीं दे सकती हो। तब बुढ़िया ने कहा, मैं जानती हूं तुम्हें जीवन में सिर्फ प्रेम चाहिए और मैं यह तुम्हें दिला सकती हूं। मैं तुम्हें प्यार की नाव में बैठा सकती हूं उस अम्मा की बातें सुनकर मुझे लगा जैसे कि वो स्वर्ग से मेरी मदद करने के लिए आई हो। मैंने पूछा, अम्मा तुम्हारा घर कहां है? उसने कहा कि पास में ही है बेटा। मैं उस अम्मा के पीछे-पीछे चलने लगी।

बुढ़िया के पीछे चलते-चलते मुझे पता लगा कि वो किसी स्वर्ग से आई मेरी मददगार नहीं, बल्कि एक डायन ही है। कहां मैं अमृत की तलाश में थी और जहर मिल गया। मैं तो सुशीला जैसा सुख पाना चाह रही थी, लेकिन कहां डायन की चपेट में आ गई। मेरी इस हालत के जिम्मेदार लोभी माता-पिता और मुझे अपनी पत्नी बनाने के ख्वाब देख रहा वो वृद्ध है, जिसने मुझे अपनी जिद के लिए पत्नी बनाया। मैं अपनी ये आत्मकथा कभी न लिखती, लेकिन मैं चाहती हूं कि सभी माता-पिता ये समझ लें कि पैसा जीवन में सबसे बड़ा नहीं होता है। मेरी चाहत है कि सब लोगों को मेरी आत्मकथा से मालूम हो कि लड़कियों का विवाह यूं ही किसी से नहीं कर देना चाहिए। किसी भी लड़की का गला इस तरह से वृद्ध से विवाह करके न घोंट दो। अब मेरे जीवन में कुछ भी नहीं बचा। सब कुछ सिर्फ मां-बाप के एक फैसले से खत्म हो गया।

**बुढ़िया के पीछे चलते-चलते मुझे पता लगा कि वो किसी स्वर्ग से आई मेरी मददगार नहीं, बल्कि एक डायन ही है। कहां मैं अमृत की तलाश में थी और जहर मिल गया। मैं तो सुशीला जैसा सुख पाना चाह रही थी, लेकिन कहां डायन की चपेट में आ गई। मेरी इस हालत के जिम्मेदार लोभी माता-पिता और मुझे अपनी पत्नी बनाने के ख्वाब देख रहा वो वृद्ध है, जिसने मुझे अपनी जिद के लिए पत्नी बनाया। मैं अपनी ये आत्मकथा कभी न लिखती, लेकिन मैं चाहती हूं कि सभी माता-पिता ये समझ लें कि पैसा जीवन में सबसे बड़ा नहीं होता है। मेरी चाहत है कि सब लोगों को मेरी आत्मकथा से मालूम हो कि लड़कियों का विवाह यूं ही किसी से नहीं कर देना चाहिए। किसी भी लड़की का गला इस तरह से वृद्ध से विवाह करके न घोंट दो।**

## संजय उवाच

■ संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# मन एव मनुष्याणां

मैं 'मेरे शुरुआती दिनों में उसने मेरे साथ बुरा किया था। अब मेरा समय है। ऐसी हालत की है कि ज़िंदगी भर याद रखेगा।'...'मेरी सास ने मुझे बहुत हैरान-परेशान किया था। बहुत दुखी रही मैं। अब घर मेरे मुताबिक चलता है। एकदम सीधा कर दिया है मैंने।'...'उसने दो बात कही तो मैंने भी चार सुना दीं।'...आदि-आदि। सामान्य जीवन में असंख्य बार प्रयुक्त होते हैं ऐसे वाक्य।

यद्यपि पात्र और परिस्थिति के अनुरूप हर बार प्रतिक्रिया भिन्न हो सकती है पर मनुष्य के मूल में मनन न हो तो मनुष्यता को लेकर चिंता का कारण बनता है। मनुष्यता का सम्बंध मन में उठनेवाले भावों से है। मन के भाव ही बंधन या मुक्ति का मार्ग दिखाते हैं। कहा गया है,

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः ।

मन ही सभी मनुष्यों के बन्धन एवं मोक्ष का प्रमुख कारण है।

वस्तुत: भीतर ही बसा है मोक्ष का एक संस्करण, उसे पाने के लिए, उसमें समाने के लिए मन को मनुष्यता में रमाये रखो। मनुष्यता, मनुष्य का प्रकृतिगत लक्षण है।प्रकृतिगत की रक्षा करना मनुष्य का स्वभाव होना चाहिए।

एक साधु नदी किनारे स्नान कर रहे थे। डुबकी लगाकर ज्यों ही सिर बाहर निकाला, देखते हैं कि एक बिच्छू बहे जा रहा है। साधु ने समय लगाये बिना अपनी हथेली पर बिच्छू को लेकर जल से निकालकर भूमि की ओर फेंकने का प्रयास किया। फेंकना तो दूर जैसे ही उन्होंने बिच्छू को स्पर्श किया, बिच्छू ने डंक मारा। साधु वेदना से बिलबिला गये, हथेली थर्रा गई, बिच्छू फिर पानी में बहने लगा। अपनी वेदना पर उन्होंने बिच्छू के जीवन को प्रधानता दी। पुनश्च बिच्छू को हथेली पर उठाया और क्षणांश में ही फिर डंक भोगा। बिच्छू फिर पानी में।...तीसरी बार प्रयास किया, परिणाम वही ढाक के तीन पात। किनारे पर स्नान कर रहा एक व्यक्ति बड़ी देर से घटना का अवलोकन कर रहा था। वह साधु से बोला, महाराज! क्यों इस पातकी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। आप बचाते हैं और यह काटता है। इस दुष्ट का तो स्वभाव ही डंक मारना है। साधु उन्मुक्त हँसे, फिर बोले, यह बिच्छू होकर अपना स्वभाव नहीं छोड़ सकता तो मैं मनुष्य होकर अपना स्वभाव कैसे छोड़ दूँ?...

लाओत्से का कथन है, मैं अच्छे के लिए अच्छा हूँ, मैं बुरे के लिए भी अच्छा हूँ। यही मनुष्यता का स्वभाव है। मनन कीजिएगा क्योंकि 'मन एव मनुष्याणां...।'

## बोध कथा

# मौत की सजा


एक समय की बात है, बीजापुर नामक देश के सुल्तान इस्माइल आदिलशाह को यह डर सताने लगा था कि राजा कृष्णदेव उस पर हमला करके उसके देश को जीत सकते हैं। सुल्तान ने कई जगह से सुन रखा था कि राजा कृष्णदेव ने अपने साहस और वीरता से कई देशों को जीतकर अपने राज्य में मिला लिया है। इस बारे में सोचते-सोचते सुल्तान के दिमाग में यह ख्याल आया कि अगर उसे अपना देश बचाना है, तो राजा कृष्णदेव की हत्या करवानी होगी। सुल्तान यह काम तेनालीराम के एक करीबी दोस्त कनकराजू को सौंपता है और उसे भारी इनाम देने का लालच भी देता है। इसके बाद कनकराजू राजा के हत्या की योजना बनाकर तेनालीराम से मिलने पहुंच जाता है। तेनालीराम लंबे समय बाद अपने दोस्त को देखकर खुश होता है और उसका अपने घर में अच्छे से स्वागत करता है। तेनालीराम अपने दोस्त कनकराजू की अच्छी तरह से सेवा करता है।

कुछ दिनों के बाद जब तेनालीराम किसी काम से घर से बाहर जाता है, तो कनकराजू राज कृष्णदेव के पास तेनालीराम के पास संदेश पहुंचाता है कि अगर आप इस वक्त मेरे घर आएंगे, तो मैं आपको अनोखी चीज दिखाऊंगा। ये चीज ऐसी है, जिसे आपने कभी नहीं देखा होगा। संदेश पढ़कर राजा तुरंत तेनालीराम के घर पहुंच जाते हैं। घर के अंदर जाते समय राज कृष्णदेव अपने साथ कोई हथियार नहीं लेकर जाते और सिपाहियों को भी बाहर ही रुकने का आदेश देते हैं। राजा के घर में घुसते ही कनकराजू उन पर छुरे से वार कर देता है, लेकिन राजा कृष्णदेव बड़ी ही चतुराई से कनकराजू के वार को रोक देते हैं और अपने सिपाहियों को आवाज लगाते हैं। राजा की आवाज सुनते ही अंगरक्षक वहां पहुंच जाते हैं और कनकराजू को पकड़ कर उसकी हत्या कर देते हैं।

राजा कृष्णदेव का कानून था कि राजा पर जानलेवा हमला करने वाले को जो आश्रय देता है, उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई जाती है। इसलिए, तेनालीराम को भी मौत की सजा सुनाई जाती है। मृत्युदंड मिलने के बाद तेनालीराम राजा से माफी की गुहार लगाता है, लेकिन राजा कृष्णदेव कहते हैं, तेनालीराम, मैं तुम्हारे लिए राज्य के नियम नहीं बदल सकता। तुमने उस व्यक्ति को अपने घर में रहने दिया, जिसने मुझे मरने की कोशिश की थी। इसलिए, मैं तुम्हें क्षमा तो नहीं कर सकता, लेकिन तुम्हें किस तरह की मृत्यु चाहिए, यह निर्णय मैं तुम पर छोड़ता हूं। इतना सुनते ही तेनालीराम कहता है, महाराज, मुझे बुढ़ापे की मौत चाहिए। यह सुनकर सभी हैरान हो गए और राजा कृष्णदेव हंसते हुए कहते हैं, तेनालीराम, तुम अपनी समझदारी से फिर बच गए।

### कहानी से सीख

चाहे जितनी बड़ी मुश्किल की घड़ी हो, लेकिन अगर समझदारी से काम लिया जाए, तो हर समस्या का हल निकल सकता है। तेनालीराम ने भी ऐसा ही किया। सामने मौत नजर आते हुए भी उसने दिमाग से काम लिया और अपनी जान बचाई।



## वीर गाथा

# सिपाही सतपाल सिंह: गोलियों की बौछार के बीच रास्ता बनाकर 4 पाकिस्तानी घुसपैठियों का किया खात्मा

सिपाही सतपाल सिंह का जन्म 7 सितंबर, 1973 को पंजाब के पटियाला जिले के फतेहपुर गांव में हुआ था। माता गुरदेव कौर और पिता अजायब सिंह की वीर संतान सतपाल सिंह अप्रैल 1992 में सेना में भर्ती हुए थे।

उन्होंने कारगिल युद्ध में जिस तरह वीरता और साहस का परिचय दिया, उसे इतिहास हमेशा याद रखेगा। उन्होंने बेहद मुश्किल अभियान में अद्भुत शौर्य दिखाते हुए टाइगर हिल पर पाकिस्तानी फौज के कैप्टन कर्नल शेर खान और तीन अन्य को मार गिराया था।

दुश्मन का मंसूबा था कि वह टाइगर हिल पर इतनी मजबूत स्थिति बना ले कि भारतीय सेना उस तक पहुंच ही न पाए। हालांकि उसके मंसूबे पर उस वक्त पानी फिर गया, जब भारतीय सैनिक टाइगर हिल पर पहुंच गए और एक-एक घुसपैठिए का खात्मा कर दिया।

टाइगर हिल पर हमला 3 जुलाई, 1999 को रात 8.30 बजे शुरू हुआ था। पांच जुलाई को सुबह 4 बजे तक 18 ग्रेनेडियर्स और 8 सिक्ख की टीमों ने टाइगर हिल की कई महत्त्वपूर्ण चोटियों पर कब्जा कर लिया था। भारतीय सेना के प्रहार से पाकिस्तानी घुसपैठियों के पांव उखड़ते जा रहे थे।

उस दौरान सतपाल सिंह और उनके साथी जवान द्रास क्षेत्र में तैनात थे। छह जुलाई को दुश्मन ने उन पर भारी गोलाबारी की। भारतीय जवानों ने उसका भरपूर जवाब दिया। सतपाल अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना लगातार आगे बढ़ते जा रहे थे।

दुश्मन ने अचानक दूसरा हमला किया। अब तक स्वयं घायल हो चुके सतपाल ने गोलियों की बौछार के बीच रास्ता बनाते हुए दुश्मन के चार सैनिकों को मार गिराया। इससे पाकिस्तानियों में भगदड़ मच गई थी। वे मोर्चा छोड़कर भागने लगे थे।

सतपाल ने आगे बढ़ना जारी रखा। उनसे प्रेरित होकर साथी जवानों ने भी जोरदार धावा बोला और टाइगर हिल पर तिरंगा लहरा दिया। सिपाही सतपाल सिंह को 'वीर चक्र' से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता। – दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# इमरान खान अवैध विवाह मामले में बरी, तीन और मामलों में गिरफ्तारी के बाद जेल में ही रहेंगे

इस्लामाबाद/भाषा। पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को गैर-इस्लामिक विवाह मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को बरी कर दिया। यह एकमात्र ऐसा मामला था, जिसके कारण पिछले साल अगस्त के बाद से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान सलाखों के पीछे हैं। हालांकि, मामले में बरी होने के बमुश्किल एक घंटे बाद, लाहौर की एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने पिछले साल नौ मई को हुई हिंसा से जुड़े तीन मामलों में खान को गिरफ्तार करने के अनुरोध को मंजूरी दे दी।

खान की पार्टी ने उनकी गिरफ्तारी के आदेश को अवैध कारावास को लंबे समय तक जारी रखने की नौटंकी'' करार दिया।

आठ फरवरी को हुए आम चुनावों से पहले तीन फरवरी को इस्लामाबाद की एक अदालत ने बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर फरीद मनेका द्वारा दायर शिकायत के आधार पर दंपति को दोषी ठहराया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि उन्होंने पूर्व प्रथम महिला की इद्दत अवधि के दौरान विवाह किया था।

इस्लाम में, तलाक होने या पति की मृत्यु के चार महीने बाद तक कोई महिला दोबारा शादी नहीं कर सकती। दंपति ने राजधानी इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत में सजा को चुनौती दी थी, जहां अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीएसजे) अफजल मजोका ने मामले की सुनवाई की।

न्यायाधीश ने दोपहर में फैसला सुनाया, जिसमें खान (71) और बुशरा (49) को बरी कर दिया गया। न्यायाधीश ने उनकी अपील स्वीकार करते हुए कहा, ''अगर वे किसी अन्य मामले में वांछित नहीं हैं, तो इमरान खान और बुशरा बीबी को तुरंत (जेल से) रिहा किया जाना चाहिए। यह एकमात्र मामला था जिसके लिए खान जेल में हैं, क्योंकि तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में उनकी सजा निलंबित कर दी गई थी और सिफर मामले में उन्हें बरी कर दिया गया था।

खान पिछले साल अगस्त से ही जेल में हैं, जब उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा सुनाई गई थी और उसके बाद 8 फरवरी को चुनावों से पहले अन्य मामलों में भी सजा सुनाई गई थी।

बुशरा के पूर्व पति मनेका ने नवंबर 2023 में दंपति के खिलाफ मामला दर्ज कराया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने इद्दत की अनिवार्य प्रतीक्षा अवधि का पालन किए बिना शादी कर ली। उन्होंने अदालत से विवाह को अमान्य घोषित करने का अनुरोध किया। खान और बीबी ने 2018 में शादी की, जिस साल खान चुनाव जीते और प्रधानमंत्री बने थे। बुशरा खान की आध्यात्मिक मार्गदर्शक थीं, लेकिन मुलाकातों के दौरान दोनों के बीच एक-दूसरे के लिए प्यार बढ़ गया। बुशरा ने अपने पति से तलाक ले लिया था, जिनसे उनके पांच बच्चे थे। बुशरा खान की तीसरी पत्नी हैं।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख गौहर खान ने फैसले का स्वागत किया और कहा कि यह स्वतंत्र न्यायपालिका की जीत है। उन्होंने कहा, ''ये सभी मामले फर्जी थे और उन्हें अन्य सभी मामलों में भी न्याय मिलेगा।'' गौहर खान ने कहा कि इमरान खान को रिहा किया जाना चाहिए क्योंकि यह आखिरी मामला था जिसमें वह जेल में हैं।

उद्घाटन




नई दिल्ली में शनिवार को केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2024 पर कर्टेन रेज़र कार्यक्रम के उद्घाटन किया।

# अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने तिब्बत से संबंधित विधेयक पर हस्ताक्षर किए

वाशिंगटन/भाषा। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन बढ़ाने और इस हिमालयी क्षेत्र के दर्जे व शासन से संबंधित विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चीन और दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने संबंधी एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद यह एक कानून बन गया है।

चीन ने 'रिजॉल्व तिब्बत एक्ट' का विरोध करते हुए इसे अस्थिरता पैदा करने वाला कानून बताया था। पिछले साल फरवरी में प्रतिनिधि सभा ने जबकि मई में सीनेट ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी।

बाइडन ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा, आज, मैंने एस. 138, 'तिब्बत-चीन विवाद समाधान को बढ़ावा देने वाला अधिनियम' पर हस्ताक्षर किए हैं। मैं तिब्बतियों के मानवाधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी विशिष्ट भाषाई, सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए संसद के दोनों सदनों की प्रतिबद्धता को साझा करता हूं। बाइडन ने कहा, मेरा प्रशासन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से दलाई लामा या उनके प्रतिनिधियों के साथ बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करता रहेगा, ताकि मतभेदों को दूर किया जा सके और तिब्बत पर बातचीत के जरिए समझौता किया जा सके। चौदहवें दलाई लामा 1959 में तिब्बत से भागकर भारत चले गए थे, जहां उन्होंने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में निर्वासित सरकार स्थापित की।

# ओली के नेतृत्व वाली सरकार सोमवार को लेगी शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

काठमांडू/भाषा। नेपाल के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे के पी शर्मा ओली ने अपने गठबंधन सहयोगी नेपाली कांग्रेस के साथ नई गठबंधन सरकार में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों की सूची तैयार करने को लेकर शनिवार को विचार विमर्श किया। नई गठबंधन सरकार के सोमवार को शपथ लेने की संभावना है।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल रविवार दोपहर तक ओली (72) को नेपाली कांग्रेस-सीपीएन (यूएमएल) गठबंधन का नया प्रधानमंत्री नियुक्त कर सकते हैं। नेपाली कांग्रेस और यूएमएल के करीबी सूत्रों ने बताया, ''राष्ट्रपति सोमवार सुबह नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को शपथ दिला सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह शुरू होने से पहले सोमवार को एक छोटे मंत्रिमंडल की घोषणा होने की संभावना है।''

नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली (72) का एक बार फिर प्रधानमंत्री बनना तय है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' शुक्रवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने में असफल रहे।



शुक्रवार देर रात ओली ने शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) के समर्थन से अगला प्रधानमंत्री बनने का दावा पेश किया था और संविधान के अनुच्छेद 76-2 के तहत सरकार बनाने के लिए प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों के हस्ताक्षर सौंपे थे। इन सांसदों में ओली की पार्टी के 77 और नेपाली कांग्रेस के 88 सांसद शामिल हैं।

ओली के एक करीबी सूत्र ने बताया कि कुल 21 मंत्रालयों में से नेपाली कांग्रेस को नौ मंत्रालय और सीपीएन-यूएमएल को आठ मंत्रालय मिलेंगे, साथ ही प्रधानमंत्री का पद भी मिलेगा।

सूत्र ने बताया, ''गृह, विदेश, वित्त और ऊर्जा जैसे प्रमुख पदों को एनसी और यूएमएल के बीच बांटा जाएगा। नेपाली कांग्रेस को गृह मंत्रालय मिलने की संभावना है, जबकि वित्त मंत्रालय यूएमएल को मिलेगा।''

इससे पहले, शनिवार को सीपीएन-यूएमएल ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा करने और नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्थायी समिति के सदस्य राजन भट्टराई के अनुसार, शुरुआत में एक छोटा मंत्रिमंडल होगा, जिसका बाद में विस्तार किया जाएगा।




# अक्षय कुमार ने 'गरम मसाला' को बताया करियर की सबसे कठिन फिल्म

मुंबई/एजेन्सी


बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने फिल्म 'गरम मसाला' को अपने करियर की सबसे कठिन फिल्म बताया है। अक्षय कुमार को फिल्म इंडस्ट्री में आये हुये साढ़े तीन दशक हो गये हैं। अक्षय ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्में दी हैं। अक्षय इन दिनों फिल्म सरफिरा को लेकर चर्चा में हैं।इस बीच उन्होंने अपने करियर की सबसे कठिन फिल्म को लेकर बात की है।अक्षय ने फिल्म 'गरम मसाला' को अपने करियर की सबसे कठिन फिल्म बताया है।

अक्षय कुमार ने बताया कि निर्देशक प्रियदर्शन उनसे लंबे-लंबे शॉट लेते थे,जिसको करते समय वह हांफने लगते थे। वह एक लड़की से बात कर रहे होते हैं, अचानक उन्हें दूसरी लड़की से बात करना पड़ जाता था । इस दौरान दूसरे से मिलते वक्त उनका किरदार भी बदलता जाता है। फिल्म गरम मसाला की शूटिंग मेरे लिए किसी नाटक के जैसी थी, क्योंकि एक समय में कई किरदार एक साथ अभिनय करते थे। इस वजह से यह मेरे लिए यह सबसे कठिन फिल्म लगती है।

# जो चीजें मायने रखती हैं, वो रहती है और गहरे रिश्ते वाली खो जाती हैं : अमिताभ

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने कहा है कि जो चीजें मायने रखती हैं, वो रहती है और गहरे रिश्ते वाली खो जाती हैं । अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की 12 जुलाई को शादी थी, जिसमें पूरा बॉलीवुड पहुंचा था। इस अवसर पर अमिताभ बच्चन पत्नी जया, बेटे अभिषेक बच्चन, नाती-नातिन, बेटी और दामाद के साथ पहुंचे थे। शादी में शामिल होने के कुछ ही देर बाद अमिताभ परिवार सहित घर वापस लौट गए और आधी रात को एक पोस्ट लिखा। अमिताभ ने लिखा,इस समय में भी कुछ लोगों से जुड़ने की इच्छा और दृढ़ शक्ति है। जहां यह समय कई लोगों के लिए काम पर जाने का है, मेरे लिए मेरी एक्सटेंडेड



फैमिली से कनेक्ट करने का है। एक बेहद शानदार शादी से वापस आया हूं, लेकिन पुराने दोस्तों और शुभचिंतकों से मिलने के बाद सिर्फ प्यार और स्नेह के खजाने के बारे में ही सोच पा रहा हूं। इतना बेशुमार प्यार और स्नेह मिला।उनके चेहरे-मोहरे में भले ही बदलाव आ गया है, लेकिन साथ बिताए गए हमारे समय के प्यार और एक-दूसरे के प्रति जो स्नेह है, उसमें कोई कमी नहीं आई है। यही तो जीवन है...प्यार, रिश्ते और स्नेह का सहेज कर रखना। लेकिन यह अजीब है कि कैसे छोटी-छोटी चीजें, जो एक-दूसरे के लिए मायने रखती हैं, वो बनी रहती हैं, लेकिन जिनके साथ गहरा जुड़ाव होता है या अच्छा समय बिताया होता है, वो खो जाती हैं और भुला दी जाती हैं। वास्तव में भुलाई नहीं जातीं, लेकिन कहीं न कहीं, वो पीछे छूट जाती हैं। वो तभी याद की जाती हैं या तभी उनका जिक्र किया जाता है, जब उस असोसिएशन या रिश्ते का मतलब हो।



# हाउसफुल 5 में काम करेंगे संजय दत्त

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त , की एंट्री हाउसफुल 5 में हो गयी है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'हाउसफुल' का पांचवा संस्करण बनाने जा रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख की अनाउंसमेंट पहले ही चुकी थी और अब हाउसफुल 5 में संजय दत्त की एंट्री कन्फर्म हो चुकी है। सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर साजिद नाडियाडवाला ने लिखा, 'एनजीइएफ फैमिली को ये घोषणा करते हुए खुशी महसूस हो रही है कि संजय दत्त, हाउसफुल 5 की फैमिली को ज्वाइन कर रहे हैं। पागलपंती से भरी इस अगली जर्नी पर काम करने के लिए उत्साहित हूं।'

# विक्की कौशल, नेहा कक्कड़ ने 'बैड न्यूज' के गाने 'तौबा तौबा' पर किया डांस

मुंबई/एजेन्सी

विक्की कौशल की अपकमिंग फिल्म 'बैड न्यूज' का गाना 'तौबा तौबा' काफी पसंद किया जा रहा है। पूरी स्टार कास्ट फिल्म प्रमोशन में लगी है। इसी कड़ी में विक्की 'सुपरस्टार सिंगर 3' के लेटेस्ट एपिसोड में फिल्म को प्रमोट करते दिखाई देंगे।

वह शो की जज और सिंगर नेहा कक्कड़ के साथ लेटेस्ट ट्रैक 'तौबा तौबा' पर डांस करते नजर आएंगे। बच्चों के सिंगिंग रियलिटी शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' के मेकर्स ने 'नमस्ते 90' के नाम से स्पेशल एपिसोड प्रसारित किया। एपिसोड में, पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के 14 साल के शुभ सूत्रधार ने 'बाहों के दरमियान' और 'धीरे धीरे से' गाने पर परफॉर्म किया। परफॉर्मेंस इतनी दमदार थी, कि शुभ के लिए सभी ने खड़े होकर तालियां बजाईं।

शुभ की तारीफ करते हुए विक्की ने कहा कि वह चाहते हैं कि शुभ उनके आने वाले प्रोजेक्ट के लिए प्लेबैक करें। यह शुभ के लिए एक सपना सच होने जैसा पल था। बाद में, विक्की के कहने पर शुभ ने 'तौबा तौबा' सॉन्ग गाया, जिस पर विक्की और नेहा दोनों ने डांस किया। 'सुपरस्टार सिंगर 3' सोनी पर प्रसारित होता है।

फिल्म में विक्की कौशल के अलावा, तृप्ति डिमरी और पंजाबी सिंगर एमी विर्क भी लीड रोल में है। यह हेटेरोपैटर्नल सुपरफेकंडेशन के मुद्दे पर आधारित है। फिल्म में तृप्ति ने सलोनी नाम की लड़की का किरदार निभाया है, जो प्रेग्नेंट है, लेकिन बच्चे का बाप कौन है, इसको लेकर कन्फ्यूजन में हैं। जब यह बात वह विक्की कौशल को बताती हैं, तो वह काफी खुश होते है कि वह पापा बनने वाले हैं।

इसी बीच विक्की को पता चलता है कि तृप्ति का एमी विर्क के साथ भी रिलेशन है। वह उसके साथ भी कमिटेड थी। विक्की कौशल, अखिल चड्डा और एमी विर्क, गुरबीर पाजी के रोल में हैं। पिता का पता लगाने के लिए तृप्ति डॉक्टर की सलाह पर दोनों का पैटर्निटी टेस्ट करवाती हैं, तो पता चलता है कि दोनों ही बच्चे के बाप है। यहां से कहानी और दिलचस्प हो जाती हैं। दोनों सलोनी को यह साबित करने में जुट जाते हैं कि वह एक बेस्ट फादर हैं। हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता, अमृतपाल सिंह बिंद्रा और आनंद तिवारी द्वारा निर्मित 'बैड न्यूज' 19 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो विक्की के पास ऐतिहासिक ड्रामा 'छावा' भी है।

इस फिल्म में विक्की शिवाजी के बेटे मराठा सम्राट संभाजी की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता भी अहम भूमिकाओं में हैं। विक्की के करियर पर नजर डालें तो, उन्होंने फिल्म में काम करने के लिए काफी ऑडिशन दिए थे। उन्होंने पहला ऑडिशन 10 जुलाई 2012 को दिया था और फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में छोटा सा रोल मिला। तीन साल बाद 2015 में उनकी बतौर लीड एक्टर फिल्म 'मसान' रिलीज हुई। इसके बाद विक्की ने 'संजू', 'राजी', 'उरी', 'सरदार उधम', 'जरा हटके जरा बचके', 'डंकी', 'भूत' और 'मनमर्जियां' जैसी सफल फिल्मों में बतौर लीड एक्टर काम किया।




# पैसों की समस्या दूर हो गई है, आपातकालीन प्रमाणपत्र लेने जा रहे हैं : दिव्यांका त्रिपाठी

मुंबई/एजेन्सी

नयी दिल्ली। टीवी अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी ने फ्लोरेंस में छुट्टियां मनाने के दौरान अपने और पति के पासपोर्ट और पैसे चोरी होने की घटना के कुछ दिन बाद शुक्रवार को कहा कि उनकी पैसों की परेशानी दूर हो गई है और अब वे घर वापसी के लिए आपातकालीन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के सिलसिले में दूसरे शहर में स्थित भारतीय दूतावास जाएंगे।

चोरी बुधवार को दोपहर (स्थानीय समयानुसार) में इतालवी पर्यटक शहर फ्लोरेंस में उस समय हुई थी जब दिव्यांका और उनके पति भोजन करने के लिए बाहर निकले थे, जबकि उनकी कार उस रिसॉर्ट में खड़ी थी, जहां उन्हें चेक-इन करना था। ये है मोहब्बतें और बनूं मैं तेरी दुल्हन जैसे धारावाहिकों में अभिनय से लोकप्रिय हुईं त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को इंस्टाग्राम पर ताजा जानकारी दी और दोस्तों व शुभचिंतकों के समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

उन्होंने लिखा, आपके अपार प्रेम और समर्थन के लिए धन्यवाद। यह वास्तव में बहुत मायने रखता है! इतना कुछ खोने के बाद, शुक्र है कि बहुत जरूरी प्यार नहीं खोया है! अपने प्रियजनों और चिंतित लोगों को जानकारी दे रही हूं कि फिलहाल हमारी पैसों की दिक्कत कुछ हद तक दूर हो गई है क्योंकि हमें एक प्यारे दोस्त से कुछ मदद मिली है। उन्होंने कहा, हम आज आपातकालीन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए दूसरे शहर में स्थित दूतावास जा रहे हैं। साथ ही, हमने सब कुछ नहीं खोया है जैसा कि बताया जा रहा है। हमारे पास कुछ चीजें बची हुई हैं जो कार की डिक्की में थीं।



# धनुष के साथ काम करेंगी तृप्ति डिमरी

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता धनुष के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। फिल्म 'एनिमल' में काम करने के बाद नेशनल क्रश बनने वाली अभिनेत्री तृप्ति डिमरी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनके पास कई फिल्मों की लाइन लगी हुई है। चर्चा है कि तृप्ति डिमरी, दक्षिण भारतीय अभिनेता धनुष के साथ एक फिल्म में अभिनय करने वाली हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं, जिसका नाम 'तेरे इश्क में' है। यह एक प्रेम कहानी होगी। चर्चा है कि अक्टूबर 2024 में 'तेरे इश्क में' की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। फिल्म को वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश के कई शहरों में शूट किया जाएगा।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शनिवार को धर्मसभा के पश्चात् नजरबाद स्थित पृथ्वी वर्ल्ड में आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी और गणि पद्मविमलसागरजी के सान्निध्य में स्नात्र महोत्सव व वास्तुपूजा का आयोजन किया गया। गुरुजनों के स्वागत और पूजन-अनुष्ठान में सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति-भाव पूर्वक सम्मिलित हुए।





# गच्छाधिपतिश्री नित्यसेनसूरीश्वर ने किया गुरु जन्मभूमि पेपराल तीर्थ में चातुर्मास प्रवेश

## जापान सहित अनेक राज्यों के गुरुभक्त हुए शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पेपराल। गुजरात राज्य के बनासकांठा जिला में स्थित गुरु जयन्तसेन जन्मभूमि पेपराल तीर्थ में सौधर्म बृहत्तपागच्छीय त्रिस्तुतिक जैनाचार्य राष्ट्रसंत आचार्यश्री जयन्तसेनसूरीश्वरजी के पट्टधर गच्छाधिपति आचार्यश्री नित्यसेनसूरीश्वरजी आदि श्रमण श्रमणी भगवंतो का चातुर्मास प्रवेश हुआ। इस प्रसंग पर चातुर्मास आयोजक जयन्तसेनसूरी शासन प्रभावक ट्रस्ट पेपराल तीर्थ की ओर भव्यातिभव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा मुख्य मार्ग पर परिभ्रमण कर तीर्थ में स्थित प्रवचन मंडप में धर्मसभा में परिवर्तन हो गई। शोभायात्रा में गुरु परंपरा के फोटो की सात बग्गी सहित अनेक आकर्षण थे, साथ ही चातुर्मास प्रवेश में जापान व भारत देश से मध्यप्रदेश ,गुजरात ,राजस्थान तमिलनाडु, दिल्ली, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से अनेक संघ सदस्यों एवं गुरुभक्तों की उपस्थिति रही। गच्छाधिपतिश्री ने आदेशनुसार 22 सितम्बर को पेपराल तीर्थ में अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद परिवार का संयुक्त सम्मेलन तथा तरूण परिषद की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। बाल मुमुक्षु नित्य वोरा की दीक्षा भी 25 नवंबर को राजनगर अहमदाबाद में गच्छाधिपतिश्री आदि ठाणा की निश्रा मे संपन्न होगी ।

चातुर्मास प्रवेश के अवसर पर मुनिश्री चारित्ररत्न विजयजी ने गुरु पुण्य सप्तमी की पुस्तक का प्रकाशन किया, जिसमें वर्ष 2025 से वर्ष 2036 तक मासिक एवं वार्षिक गुरु सप्तमी एवं पुण्य सप्तमी का चित्रण है उसे सभी को वितरण किया गया । इस अवसर पर गुरुदेव को काम्बली अर्पित करने का लाभ इंदौर निवासी गोलू सकलेचा परिवार ने तथा पेपराल ट्रस्ट अध्यक्ष महेन्द्र वोहरा लीलामणी परिवार ने गुरु पूजन का लाभ लिया। दो माह के लिये चातुर्मासी करने हेतु लगभग 600 आराधकों की स्वीकृती ट्रस्ट मंडल द्वारा प्रदान की गई जिसका लाभ जयन्तसेन राजन प्रभावक ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने लिया। साध्वीश्री शासनलताश्रीजी एवं संवेगप्रियाश्रीजी आदि ठाणा का भी पेपराल तीर्थ में प्रवेश हुआ। प्रवेशोत्सव पर डिसा परिषद ने अपनी विशेष सेवा दी।

प्रवेशोत्सव का लाभ जयन्तसेनसूरी शासन प्रभावक ट्रस्ट एवं सौधर्म बृहत्तपागच्छीय त्रिस्तुतिक जैन संघ पेपराल की आज्ञा से धार निवासी संघवी सुधीरकुमार अमृतलाल पावेचा परिवार ने लिया। पेपराल तीर्थ ट्रस्ट अध्यक्ष महेन्द्र वोरा, राष्ट्रीय त्रिस्तुतिक संघ अध्यक्ष वाघजीभाई वोहरा व परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश छाजेड़ ने अपने विचार व्यक्त किए। संगीतकार दीपक करणपुरिया ने भजनों की प्रस्तुति दी। राजकमल दुग्गड ने संचालन व मुकेश जैन ने धन्यवाद दिया।





# ‘आचार्य बुद्धिसागरसूरीश्वर की भावपूर्ण रचना है वास्तुपूजा’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शनिवार को धर्मसभा के पश्चात नजरबाद स्थित पृथ्वी वर्ल्ड में आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी और गणि पद्मविमलसागरजी के सान्निध्य में स्नात्र महोत्सव व वास्तुपूजा का आयोजन किया गया। गुरुजनों के स्वागत और पूजन-अनुष्ठान में सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति-भाव पूर्वक सम्मिलित हुए। जैनाचार्य ने कहा कि जहां प्रभु और गुरु पधारते हैं, वहां के दरिद्र नष्ट हो जाते हैं। पवित्र आत्माओं के पदार्पण और पूजा-अनुष्ठान से परिसर का वातावरण परिशुद्ध बनता है। यह पूर्ण मनोवैज्ञानिक तथ्य है। यह अपने आभामंडल को शुद्ध, शुभ्र तथा बलवान बनाने की प्रक्रिया है। वैदिक और जैन परंपरा की पूजन संस्कृति अनूठी है।

प्रवचन सभा में आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि हर मनुष्य हमेशा अपनी व अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि चाहता है, इसीलिए वह अपने नूतन गृह या व्यापारिक प्रतिष्ठान के शुभारंभ के समय विशेष पूजा-अनुष्ठान करता है। वास्तुपूजा जैन परंपरा का ऐसा ही मंगल अनुष्ठान है। यह सुख-शांति, समृद्धि और धर्म-अध्यात्म की उन्नति की भावभरी प्रार्थना है। जलाभिषेक और पुष्पांजलि से स्नात्र विधान का अनुष्ठान शुरू होता है और आरती, मंगल दीपक तथा शांतिपाठ के साथ वास्तुपूजा समाप्त होती है। यह पटेल जाति के गुजरात के प्रसिद्ध जैनाचार्य बुद्धिसागरसूरीश्वर की भावपूर्ण रचना है।

देश-विदेश में हर जैन परिवार इसी का आराधना करता है। इस अवसर पर बेंगलूरु की संगीत पार्टी ने भजनों की मनोहारी प्रस्तुति दी। जैनाचार्य के कुमकुम के पगलिये करवाये गए। सहवर्ती संतों ने मंत्रोच्चार किये। तीर्थंकर प्रतिमाओं की स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने गुरुपूजन किया।

इस अवसर पर कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान, अशोक दांतेवाड़िया, भवरलाल लुंकड़, वसंत राठौड़, प्रवीण दांतेवाड़िया, जीतू लुंकड़, मूलचंद पालरेचा, किशोर राठौड़, चैनसिंह राजपुरोहित आदि अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मंगल ग्रह से प्राप्त उल्कापिंडों से वैज्ञानिकों को लाल ग्रह की आंतरिक संरचना को समझने में मदद मिली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सैन डिएगो। मंगल ग्रह से प्राप्त उल्कापिंडों से वैज्ञानिकों को लाल ग्रह की आंतरिक संरचना को समझने में मदद मिली है। चौहत्तर हजार से अधिक ज्ञात उल्कापिंडों में से केवल 385 या इतने ही चट्टान मंगल ग्रह से आए थे। उल्कापिंड, वे चट्टानें हैं जो क्षुद्रग्रहों या ग्रहों के आपस में टकराने से पृथ्वी पर गिरती हैं। वैज्ञानिकों के लिए यह पता लगाना कठिन नहीं है कि ये उल्कापिंड मंगल ग्रह से आए हैं। विभिन्न लैंडर और रोवर दशकों से मंगल की सतह का अन्वेषण करने में जुटे हैं। कुछ प्रारंभिक मिशन जैसे ‘वाइकिंग लैंडर्स’ में मंगल ग्रह के वायुमंडल की संरचना के संबंध में पता लगाने के लिए उपकरण मौजूद थे।

वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि आप कुछ उल्कापिंडों में मंगल ग्रह के वायुमंडल की अनोखी संरचना का प्रतिबिंब देख सकते हैं। मंगल ग्रह पर ऑक्सीजन भी अनोखी है। धरती पर मौजूद हर चीज-इंसान और हम जिस हवा में सांस लेते हैं-वह ऑक्सीजन तत्व के तीन समस्थानिकों की एक खास संरचना से बनी है - ऑक्सीजन-16, ऑक्सीजन-17 और ऑक्सीजन-18, लेकिन मंगल ग्रह की संरचना पूरी तरह से अलग है, क्योंकि यह मंगल ग्रहीय होने के चलते एक भू-रासायनिक फिंगरप्रिंट की तरह है।

पृथ्वी पर पाए गए मंगल ग्रह के उल्कापिंड मेरे जैसे भूगर्भशास्त्रियों को लाल ग्रह की बनावट और ज्वालामुखी गतिविधि के इतिहास के बारे में संकेत देते हैं। वे हमें 14 करोड़ मील दूर अंतरिक्ष यान भेजे बिना मंगल ग्रह का अध्ययन करने का अवसर देते हैं। मंगल ग्रह के ये उल्कापिंड कभी इस ग्रह के भीतर मौजूद लाल-गर्म लावा से बने थे। जब ये ज्वालामुखीय चट्टानें ठंडी होकर ठोस हो गईं, तो उनके अंदर मौजूद रेडियोधर्मी तत्व क्षय होने लगे, जो रेडियोमेट्रिक घड़ी की तरह काम करते हैं। इससे वैज्ञानिकों को यह पता चलता है कि वे कब बने थे।

इनके जरिये हम जानते हैं कि मंगल ग्रह के कुछ उल्कापिंड 17.5 करोड़ वर्ष से भी कम पुराने हैं, जो भूगर्भीय दृष्टि से काफी नये हैं। इसके विपरीत, मंगल ग्रह के कुछ उल्कापिंड पुराने हैं तथा इस ग्रह के निर्माण के समय के करीब बने थे। मंगल ग्रह के ये उल्कापिंड एक ऐसे ग्रह की कहानी बताते हैं, जो अपने पूरे इतिहास में ज्वालामुखीय रूप से सक्रिय रहा है। वास्तव में, मंगल ग्रह पर आज भी ज्वालामुखियों के फटने की संभावना है। हालांकि, वैज्ञानिकों ने ऐसा विस्फोट कभी दर्ज नहीं किया है।


|| जय भिक्षु || || अर्हम् || || जय महाश्रमण ||

भाव भरा आमंत्रण
खुशियो की बेला आई

युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी की सुशिष्या साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी - ठाणा ४ का
चातुर्मासिक मंगलप्रवेश 2024
दि. 15-07-2024, सोमवार, प्रातः 9.51 बजे

आप सभी से सादर अनुरोध है कि अधिक संख्या में उपस्थित होकर हमें अनुग्रहित करावें ।
अध्यात्म जागरण रैली - विहार प्रारंभ स्थल से प्रातः 9.00 बजे श्रीमती सुशीला देवी श्री अरविंदजी हिम्मतजी पवनजी माण्डोत के निवास स्थान से (मीठा जीवन नं 9, 6वाँ क्रॉस, आरपीसी लेआऊट विजयनगर, बेंगलोर ) से तेरापंथ सभा भवन, विजयनगर में प्रवेश करेंगे ।
मुख्य अतिथि : श्री एम. कृष्णप्पाजी (MLA विजयनगर)

विशिष्ट अतिथि
* पूज्य श्री सद्गुरु माते कस्तूरीदेवी बसव गंगोत्री, आश्रम कुम्बलगोडु
* मातुश्री डॉ. उमा भारतीजी (सिद्धा रूडा आश्रम, नेलमंगला)
* श्री महेन्द्रजी मुणोत (समाज सेवी)
* श्री पवनजी मांडोत (उपाध्यक्ष अभातेयुप)
* श्री हिम्मतजी मांडोत (उपाध्यक्ष तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम)
* श्री राजेशजी चावत (अणुव्रत समिति दक्षिण संगठन मंत्री)
* श्री प्रकाशजी लोढा (तेरापंथी महासभा दक्षिणांचल आंचलिक प्रभारी)
* डॉ. प्रसान्तजी जैन (ऑर्थोपेडिक सर्जन) * डॉ. ज्योतीजी डूगर (होमियोपेथिक)

सभा भवन स्थंभ
* स्व. श्री नयनचन्दजी हिरण * श्री हीरालालजी मालू
* श्री शान्तीलालजी बाबेल * श्री बिमलजी श्यामसुखा

गरिमामयी उपस्थिति
* श्री बहादूरजी सेठिया (अध्यक्ष अर्हम मित्र मंडल)
* श्री संजयजी बांठिया (सभा प्रभारी विजयनगर)
* श्री पुखराजजी श्रीश्रीमाल (तेरापंथ सभा भवन, निर्माण समिति संयोजक)

नोट : अल्पाहार की व्यवस्था श्रीमती सुशीलादेवी, श्री अरविन्दजी हिम्मतजी पवनजी माण्डोत के निवास स्थान पर प्रातः 7.00 बजे से रहेंगी ।

निवेदक : श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, विजयनगर
अध्यक्ष : मंगल कोचर-9341260350 संयोजक : पन्नालाल लुणिया-9886695525 मंत्री : दिनेश हिंगड़-9742835659
तेरापंथ युवक परिषद् | तेरापंथ महिला मंडल
अध्यक्ष : कमलेश चौपड़ा - 9900107407 | अध्यक्षा : मंजु गादिया - 9481100105
मंत्री : संजय भटेवरा - 9844774854 | मंत्री : दिपीका गोखरु-9886824289
समस्त तेरापंथ संस्थाऐं एवं समस्त तेरापंथ समाज


## मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के कृष्णराजपुरम-राममूर्तिनगर संघ के रिखबचन्द जैन, अशोक जैन, महावीर जैन, कालू जैन, अशोक तातेड़ व गौतम जैन आदि सदस्यों ने पुलिस उपायुक्त कुलदीप जैन, एसीपी वीएल रमेश व इंस्पेक्टर चैतन्य आदि से मुलाकात कर साधु साध्वियों के विहार के समय पुलिस प्रबंधन के सहयोग की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने भी सदस्यों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# ब्रिटेन में गुरुद्वारा में हमला : एक किशोर को आरोपी बनाया गया

लंदन/भाषा। ब्रिटेन में एक गुरुद्वारा में धारदार हथियार से किये गये हमले में दो महिलाओं के घायल होने के बाद गिरफ्तार 17 वर्षीय लड़के पर शनिवार को विभिन्न आरोप लगाए गए। किशोर के खिलाफ हमला करने और जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोप लगाये गये हैं।

केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने लड़के पर बृहस्पतिवार शाम की उस घटना के लिए आरोप लगाया है जिसे स्थानीय पुलिस दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के ग्रेवसेंड में स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे में ‘अशांति’ के रूप में संदर्भित कर रही है।

# अनंत-राधिका की शादी को रियलिटी शो ‘द करदाशियां’ में दिखाया जाएगा

नई दिल्ली/भाषा। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में अपनी बहन क्लो करदाशियां के साथ शामिल हुईं अमेरिकी रियलिटी टीवी कलाकार किम करदाशियां का कहना है कि इस शानदार समारोह को उनके टीवी शो ‘द करदाशियां’ में दिखाया जाएगा।

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट शुक्रवार रा मुंबई में एक भव्य समारोह में परिणय सूत्र में बंध गए। विवाह समारोह में राजनीतिक नेताओं के साथ ही बॉलीवुड एवं दक्षिण भारतीय सिनेमा जगत व हॉलीवुड की हस्तियों और देश के लगभग सभी शीर्ष क्रिकेटर शामिल हुए। शादी समारोह में किम और उनकी बहन क्लो ने भी शिरकत की।क्लो ने हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें फिल्म निर्माण दल के सदस्यों को कैमरे और माइक थामे देखा जा सकता है और करदाशियां बहनें भी इस वीडियो में नजर आ रही हैं। प्रशंसकों ने संभावना जताई कि यह शूटिंग रियलिटी शो ‘द करदाशियां’ के लिए की जा रही है। अपने ‘इंस्टाग्राम’ पर अपनी नवीनतम पोस्ट में किम ने शानदार शादी समारोह से पहले तैयार होने के अपने और क्लो के एक वीडियो का स्क्रीनशॉट साझा किया।


केन्द्रीय विद्यालय रेल पहिया कारखाना
KENDRIYA VIDYALAYA, RWH YELAHANKA
शिक्षा मंत्रालय के तहत, भारत सरकार
येलहंका , बेंगलुरू - 560 064.
Phone : 080-28460979 (O), Fax No.: 080-28566968, E-Mail : kvrwf123@gmail.com, Website : https://wapyelahanka.kvs.ac.in

प्रत्यक्ष साक्षात्कार

वर्ष 2024-25 के लिए पूर्णतः संविदा आधार पर शिक्षकों के साक्षात्कार किए जाएंगे ।

| दिनांक | संविदा पद |
| --- | --- |
| 16 जुलाई 2024 | स्नातकोत्तर शिक्षक (रसायन शास्त्र)<br>प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (अंग्रेजी)<br>विशेष शिक्षक (Special Educator) |

साक्षात्कार हेतु 16 जुलाई 2024 प्रातः 10:00 बजे आवश्यक प्रमाण पत्र के प्रतियों के एक सेट और प्रासंगिक मूल दस्तावेजों के साथ विद्यालय में उपस्थित हों । संबंधित पद हेतु योग्यता, अन्य जानकारी एवं आवेदन पत्र डाउन लोड करने के लिए कृपया वेबसाइट देखें : https://wapyelahanka.kvs.ac.in

एक से अधिक पद हेतु अलग - अलग आवेदन प्रपत्र समस्त दस्तावेज़ों के साथ प्रस्तुत करें । प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु कोई TA / DA का भुगतान नहीं होगा ।

सही /- प्राचार्य


## पूजा व सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के कुरुबनहल्ली स्थित जलगेरे देवी डोड्डम्मा चिक्कम्मा समिति द्वारा जलगेरे देवी जात्रा महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने देवी मां की विशेष पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं जरूरतमंद बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरित की।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com